• जयपुर, सोमवार 29 जून 26 • वर्ष 15 • अंक 241 • पृष्ठ : 8 • मूल्य : 1 रुपये
www.chamaktarajasthan.in | Email : chamaktarajasthan8789@gmail.com

डाक पंजीयन संख्या: RJ/JPC/D19/2024-25
राज्य तथा केंद्र द्वारा मान्यता प्राप्त

RNI. No. RAJHIN/2011/40950
सच के साथ मजबूती से बढ़ाये कदम

सुविचार

"सत्य को हज़ार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा।"
● स्वामी विवेकानंद

# चमकता राजस्थान




जयपुर से प्रकाशित एवं प्रसारित

विज्ञापन के लिए : 93145 05000

अजमेर, सीकर, झुंझुनूं, सवाईमाधोपुर, चित्तौड़गढ़, बूँदी, धौलपुर, हिंडौन, भरतपुर, झालावाड़, जोधपुर, ब्यावर, जालोर, करौली, नागौर बीकानेर से प्रसारित

# समुद्र से लेकर आसमान तक, भारत तेजी से सुरक्षित और आत्मनिर्भर बन रहा है: पीएम मोदी



**नई दिल्ली/एजेंसी।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज अपने चर्चित रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 135वें एपिसोड में मन की बात की. इस कार्यक्रम में वह युवाओं को लेकर प्रेरणादायक बातें करते हैं. देश-दुनियां की उन घटनाओं का जिक्र करते हैं जिसका समाज के विकास में सरोकार रहा है.

मन की बात के 135वें एपिसोड में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, साल 2026 का आधा हिस्सा खत्म होने वाला है. इन 6 महीनों में हमने मन की बात में अपने देशवासियों की कई कामयाबियों पर बात की है. जून में भी देश ने कुछ ऐसी कामयाबियां हासिल की हैं जिनसे हर नागरिक को गर्व है.

ये कामयाबियां देश की सुरक्षा और आत्मनिर्भरता से जुड़ी हैं. हाल ही में मुझे कोलकाता में नेवी से जुड़े एक इवेंट में शामिल होने का मौका मिला. वहां आईएनएस दुनागिरी, आईएनएस संशोधक, और आईएनएस अग्रे को इंडियन नेवी के बेड़े में शामिल किया गया. इन जहाजों के डिजाइन से लेकर बनाने तक, सब कुछ देसी है.

पीएम मोदी ने कहा, देश ने जून महीने में ही एविएशन सेक्टर में भी एक बड़ी कामयाबी हासिल की. सी-295 एयरक्राफ्ट 'मेड इन इंडिया' है, सी-295 एयरक्राफ्ट ने अपनी पहली उड़ान पूरी कर ली है और ऐसे 40 एयरक्राफ्ट यहीं भारत में बनाए जा रहे हैं. इससे एमएसएमई और एयरोस्पेस सेक्टर को नई रफ़्तार मिल रही है, रोजगार के मौके बढ़ रहे हैं और आत्मनिर्भर भारत का संकल्प मज़बूत हो रहा है.

उन्होंने कहा, इस महीने डीआरडीओ ने एक स्वदेशी 'लॉन्ग-रेंज लैंड-अटैक क्रूज मिसाइल' का भी सफल टेस्ट किया. इसे डीआरडीओ लैब्स और भारतीय इंडस्ट्री पार्टनर्स ने मिलकर बनाया है. दूसरे शब्दों में समुद्र से लेकर आसमान तक, हमारा भारत तेजी से सुरक्षित और आत्मनिर्भर बन रहा है.

प्रधानमंत्री ने कहा, जून में एक और इवेंट हुआ जिसमें पूरी दुनिया ने भारत की कोशिशों के साथ हाथ मिलाया और वह इवेंट था 'इंटरनेशनल योगा डे'. इस बार, दुनिया भर में 2,500 से ज़्यादा जगहों पर अलग-अलग योगा इवेंट हुए. हमारे देश में करोड़ों लोगों ने कई जगहों पर योगा प्रोग्राम में हिस्सा लिया. भारत ने इस इवेंट में कुल 114 मेडल जीते, जिसमें 102 गोल्ड मेडल शामिल हैं. भारत इस चैंपियनशिप में मेडल टैली में टॉप पर रहा.

पीएम मोदी ने कहा, पूजा-पाठ खत्म होने के बाद मिट्टी की मूर्तियां अपने आप पानी में घुल जाती हैं. इससे हमारी नदियों, तालाबों और पर्यावरण को बचाने में मदद मिलती है. इससे हम अपनी आस्था बनाए रख पाते हैं और प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारी भी पूरी कर पाते हैं. जब हम लोकल कारीगरों से मूर्तियां खरीदते हैं, तो हम वोकल फॉर लोकल होने के अपने इरादे को और मजबूत करते हैं. मुझे पूरा भरोसा है कि इस गणेश उत्सव के दौरान और असल में ऐसे हर त्योहार के दौरान हम इन बातों पर गंभीरता से सोचेंगे और देश के हित में कदम उठाएंगे.

उन्होंने आगे कहा, बहुत से लोगों ने मुझे लिखकर एक खास टॉपिक पर बात करने का सुझाव दिया है. यह टॉपिक गणेश उत्सव से जुड़ा है. हालांकि गणेश उत्सव में अभी काफी समय है, लेकिन लोगों ने आग्रह किया है कि इस विषय पर अभी चर्चा की जाए. कृपया यह पक्का करने की कोशिश करें कि आपके घर, सोसायटी या मोहल्ले में स्थापित गणपति बप्पा की मूर्ति हमारे अपने देश की मिट्टी से बनी हो और हमारे अपने कुम्हारों और लोकल कारीगरों के हाथों से बनी हो. मैं गणेश की मूर्ति बनाने वालों से भी आग्रह करता हूं कि वे मिट्टी की मूर्तियों को प्राथमिकता दें, और मैं खरीदारों से कहता हूं कि वे यह देख लें कि मूर्ति किस चीज़ से बनी है और किस देश में बनी है. प्लास्टर ऑफ पेरिस से बनी मूर्तियां बिल्कुल न खरीदें.

प्रधानमंत्री ने कहा, हमें बारिश के पानी की हर एक बूंद बचानी चाहिए. हम कैच द रेन कैंपेन की रफ़्तार को जरा भी कम नहीं होने दे सकते. इसलिए मैं आपसे खास तौर पर गुजारिश करता हूं. आइए हम सब मिलकर बारिश की हर बूंद बचाएं.

# प्रधानमंत्री का 4 जुलाई को प्रस्तावित राजस्थान दौरा

## राजस्थान के औद्योगिक विकास को मिलेगी नई दिशा : मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

- **मुख्यमंत्री ने पचपदरा रिफाइनरी का किया निरीक्षण, अधिकारियों को दिए दिशा-निर्देश**
- **रिफाइनरी से देश-प्रदेश ऊर्जा के क्षेत्र में बनेगा आत्मनिर्भर**

**चमकता राजस्थान**

**जयपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रस्तावित दौरे को लेकर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को बालोतरा की पचपदरा रिफाइनरी का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने रिफाइनरी परिसर और कार्यक्रम स्थल का अवलोकन कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने रिफाइनरी की क्रूड डिजिटेशन यूनिट, रिफाइनरी मेन कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने उन्हें रिफाइनरी की कार्यप्रणाली और यहां से तैयार होने वाले विभिन्न सह-उत्पादों के सैंपल दिखाकर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने तकनीकी व्यवस्थाओं और संचालन संबंधी पहलुओं की भी जानकारी ली। साथ ही, जनसभा स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को समय से पूरा करने के लिए निर्देश दिए।





- **शक्तिपीठ मां सांभरा आशापुरा के किए दर्शन**

बैठक के बाद मुख्यमंत्री ने शक्तिपीठ मां सांभरा आशापुरा मंदिर पहुंचकर विधिवत पूजा-अर्चना की। उन्होंने अखंड ज्योत के दर्शन कर प्रदेश की खुशहाली और समृद्धि की कामना की। मुख्यमंत्री ने मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं का अभिवादन स्वीकार किया। इस दौरान पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत, उद्योग एवं वाणिज्य राज्य मंत्री के.के विश्नोई, सांसद मदन राठौड़, विधायक हमीर सिंह भायल, डॉ अरुण चौधरी, आदूराम मेघवाल सहित जनप्रतिनिधिगण, एचपीसीएल, एचआरआरएल, जिला प्रशासन व संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

- **आयोजन स्थल पर तैयारियों को लेकर अधिकारियों की ली बैठक**

मुख्यमंत्री ने रिफाइनरी का निरीक्षण कर आयोजन स्थल पर प्रधानमंत्री की प्रस्तावित यात्रा की तैयारियों को लेकर अधिकारियों की बैठक भी ली। उन्होंने आयोजन स्थल के ले- आउट सहित अन्य व्यवस्थाओं का अवलोकन करते हुए अधिकारियों को सुरक्षा के विशेष इंतजाम करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गर्मी को देखते हुए जनसभा में आमजन के लिए पेयजल, बैठने की व्यवस्था, चिकित्सा सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जाए, साथ ही यातायात पुलिस एवं परिवहन विभाग आपस में समन्वय कर पार्किंग की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करें। इस दौरान अधिकारियों ने कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर प्रस्तुतीकरण भी दिया।

इस दौरान मीडिया से बातचीत में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राजस्थान विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है। प्रधानमंत्री 4 जुलाई को देश के पहले ग्रीनफील्ड एकीकृत रिफाइनरी कम पेट्रोकेमिकल कॉम्पलेक्स का शुभारंभ बालोतरा में करेंगे। इस रिफाइनरी के माध्यम से देश-प्रदेश ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनेगा। साथ ही, यह रिफाइनरी राजस्थान के औद्योगिक विकास को नई दिशा देगी।

## कराची में सुरक्षाबलों के कैंप पर हमला, 6 आतंकी और 4 जवानों की मौत

**कराची/एजेंसी।** पाकिस्तान के कराची में शनिवार रात एक बड़ा आतंकी हमला हुआ। आतंकियों ने सिंध रेंजर्स के मुख्यालय को निशाना बनाया। इस घटनाक्रम में 4 जवान और 6 आतंकवादी मारे गए। खबर है कि एक आतंकवादी को जिंदा पकड़ लिया गया। आतंकियों ने पहले विस्फोटकों से भरी गाड़ी अर्धसैनिक पाकिस्तानी रेंजर्स के प्रांतीय मुख्यालय में घुसा दी, जिससे जोरदार धमाका हुआ। इसके बाद जवानों और आतंकियों में देर तक गोलीबारी हुई।

ये हमला कराची के गुलिस्तान-ए-जौहर इलाके में स्थित रेंजर्स कार्यालय पर हुआ। इस इलाके में कई विश्वविद्यालय और पाकिस्तान मौसम विभाग का कार्यालय है। आतंकी पहले विस्फोटकों से भरे वाहन को गेट से टकराकर परिसर में घुसे और इसके बाद हैंड ग्रेनेड फेंके। इससे इलाके में कई धमाकों की आवाज सुनाई दी। इसके फौरन बाद आतंकियों ने अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। फिर जवानों ने भी मोर्चा संभाल लिया।

रिपोर्ट के मुताबिक, तुरंत मौके पर रैपिड रिस्पांस फोर्स और पुलिस कमांडो जैसी इकाइयों को भेजा गया।

## 9 राज्यों में मौसम विभाग ने जारी किया ऑरेंज अलर्ट, यूपी में दो दिन तक जारी रहेगा हीटवेव का कहर

**नईदिल्ली/एजेंसी।** भारत मौसम विज्ञान विभाग ने इस सप्ताह पूर्वोत्तर भारत, पश्चिम बंगाल और सिक्किम में भारी से बहुत भारी वर्षा की संभावना व्यक्त की है। आईएमडी के अनुसार 27 से 29 जून के दौरान उप हिमालय पश्चिम बंगाल और सिक्किम में और 28 जून को असम और मेघालय में कुछ स्थानों पर बहुत ज्यादा वर्षा हो सकती है। वहीं, उत्तर प्रदेश में हीटवेव की स्थिति बनी हुई है। यह अगले दो दिनों तक जारी रहेगी। मानसून फिलहाल रुका हुआ है और इसकी उत्तरी सीमा सूरत, इंदौर, मंडला, डाल्टनगंज ,मोतिहारी से गुजर रही है। अगले तीन-चार दिनों में मानसून के गुजरात, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड और बिहार के बाकी हिस्सों को कवर करने और उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड में पहुंचने के लिए परिस्थितियां अनुकूल होती हुई दिखाई दे रही हैं। पश्चिमी बंगाल और पश्चिमी मध्य प्रदेश के कुछ स्थानों में पिछले 24 घंटे में भारी वर्षा दर्ज की गई है। पूर्वी मध्य प्रदेश, बिहार, अरुणाचल प्रदेश, असम, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में सामान्य बारिश देखी गई है।



## डीजीएस ने होर्मुज जलडमरूमध्य में भारतीय जहाजों की आवाजाही पर लगी पाबंदी हटाई

**नईदिल्ली/एजेंसी।** जहाजरानी महानिदेशालय (डीजीएस) ने खाड़ी क्षेत्र में स्थित होर्मुज जलडमरूमध्य में भारतीय जहाजों की आवाजाही पर लगाई गई पाबंदी को हटा दिया है। शुक्रवार को घोषित यह निर्णय भारतीय नाविकों वाले व्यापारिक जहाजों से जुड़ी कई सुरक्षा घटनाओं के बाद लिया गया है। डीजीएस ने कहा कि भारतीय जहाज मालिकों और नियुक्ति सेवा लाइसेंस प्राप्त एजेंसियों के लिए इस क्षेत्र में संचालन पर कोई प्रतिबंध नहीं है, बशर्ते वे स्थानीय सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करें। समुद्री मामलों के महानिदेशक (डीजीएस) ने समुद्री क्षेत्र से जुड़े सभी हितधारकों को सतर्क रहने और नौवहन संबंधी चेतावनियों पर बारीकी से नजर रखने की सलाह दी है। यह सलाह अमेरिका द्वारा ईरान पर किए गए हमलों के बाद दी गई है, जिसके जवाब में ईरान ने कुवैत और बहरीन में अमेरिकी सैनय ठिकानों पर हमले किए। डीजीएस अब विभिन्न भारतीय मंत्रालयों और एजेंसियों के साथ मिलकर स्थिति पर कड़ी निगरानी रख रहा है। इससे पहले 13 जून को ओमान के तट पर एमटी सेट्टेबेलो पर हुए अमेरिकी हमले में 3 भारतीय नाविकों की मौत के बाद, डीजीएस ने खाड़ी क्षेत्र में भारतीय जहाजों की आवाजाही और नाविकों की तैनाती पर प्रतिबंध लगाया था।

## केतन अग्रवाल हत्याकांड:

## सिया और चेतन को लोहगढ़ किले पर ले गई पुलिस, सीन रिक्रिएट किया



**पुणे/एजेंसी।**

पुणे के केतन अग्रवाल हत्याकांड में पुलिस कड़ियों को जोडने की कोशिश कर रही है। इसी घटनाक्रम में आज पुलिस दोनों आरोपियों- सिया गोयल और चेतन चौधरी को लोहगढ़ किले पर लेकर गई। आज सुबह कड़ी सुरक्षा के बीच आरोपियों को किले पर ले जाया गया। यहां पुलिस ने सीन रिक्रिएट किया, ताकि पूरे घटनाक्रम को समझने में आसानी हो सके। इस दौरान किले में आम लोगों के प्रवेश पर अस्थायी रोक लगाई गई। इस बीच सिया और चेतन का एक नया वीडियो सामने आया है। इसमें दोनों महाराष्ट्र क्रिकेट लीग का मैच देखते नजर आ रहे हैं। अभी ये पता नहीं चला है कि यह वीडियो कब का है। इससे उन दावों को बल मिला है कि दोनों एक-दूसरे को पहले से जानते थे। पुणे पुलिस का मानना है कि सिया और चेतन के रिश्ते की जानकारी सबसे पहले उनके परिवार को क्रिकेट मैच में साथ देखे जाने पर ही मिली थी। पुलिस ने आरोपी चेतन की बाइक जब्त की है। इसी से वह हत्याकांड वाले दिन लोहगढ़ किले पर पहुंचा था। इसके अलावा चेतन की हुडी, हेडफोन और अन्य सामान भी जब्त किया गया है। इन सभी की फोरेंसिक जांच कराई जाएगी। पुलिस ने सिया के माता-पिता से करीब 12 घंटे तक पूछताछ की। इससे पहले सिया के भाई से भी 10 घंटे तक पूछताछ की गई थी। बीती शाम स्थानीय लोगों ने न्याय की मांग करते हुए कैंडल मार्च निकाला।

# प्रधानमंत्री मोदी को सेशेल्स में गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया, राष्ट्रपति संग हुई द्विपक्षीय वार्ता

## प्रधानमंत्री मोदी बोले- दोनों देश मिलकर सफलता की दौड़ जीतेंगे

## राष्ट्रपति हर्मिनी बोले- भारत सेशेल्स का अभिन्न मित्र

**विक्टोरिया/एजेंसी।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सेशेल्स दौरे का आज दूसरा दिन है। आज दिन की शुरुआत में उन्हें विक्टोरिया स्थित स्टेट हाउस में गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इसके बाद उन्होंने सेशेल्स के राष्ट्रपति डॉक्टर पैट्रिक हर्मिनी के साथ द्विपक्षीय वार्ता की। इससे पहले राष्ट्रपति हर्मिनी द्वारा आयोजित राजकीय भोज में प्रधानमंत्री मोदी ने भारत-सेशेल्स संबंधों को स्थिर, मजबूत और दीर्घकालिक बताया। वहीं, राष्ट्रपति हर्मिनी ने भारत को पक्का मित्र और प्रमुख विकास भागीदार कहा।



प्रधानमंत्री ने भारत-सेशेल्स साझेदारी को स्थिर, मजबूत और दीर्घकालिक बताते हुए कहा कि दोनों देश मिलकर सफलता की दौड़ जीतेंगे। उन्होंने कहा, सेशेल्स भारत का महत्वपूर्ण समुद्री पड़ोसी और विजन महासागर का प्रमुख साझेदार है। इस साल भारत और सेशेल्स के बीच राजनयिक संबंधों के 50 वर्ष पूरे हो रहे हैं। दोनों देशों के संबंध आपसी विश्वास, लोकतांत्रिक मूल्यों, विविधता के सम्मान और लोगों के गहरे जुड़ाव पर आधारित हैं।

वहीं, राष्ट्रपति हर्मिनी ने कहा, भारत सेशेल्स का अटूट मित्र रहा है और हमारे लोग और जीवंत भारतीय प्रवासी समुदाय भी इस भावना का हार्दिक प्रतिफल देते हैं। भारत और सेशेल्स ने 1976 में राजनयिक संबंध स्थापित करने के बाद से घनिष्ठ और पारस्परिक रूप से लाभकारी संबंध साझा किए हैं, जिसमें नई दिल्ली बुनियादी ढांचे, रक्षा, स्वास्थ्य सेवा और समुद्री सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में एक प्रमुख विकास भागीदार बनी हुई है।

प्रधानमंत्री मोदी ने मेड इन इंडिया फास्ट पेट्रोल वेसल लेस्पवार को सेशेल्स को सौंपा। उन्होंने कहा, फास्ट पेट्रोल वेसल लेस्पवार का सेशेल्स तटरक्षक बल को हस्तांतरण रक्षा और समुद्री सुरक्षा में भारत-सेशेल्स की बढ़ती साझेदारी में एक और महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। यह पोत क्षमता निर्माण की उन पहलों की श्रृंखला में नवीनतम कड़ी है जो सेशेल्स की सुरक्षा प्राथमिकताओं का समर्थन करने और द्विपक्षीय रक्षा सहयोग को मजबूत करने के लिए भारत की दृढ़ प्रतिबद्धता को दर्शाती हैं। भारतीय सेना की एक परेड टुकड़ी सेशेल्स के 50वें राष्ट्रीय दिवस समारोह में हिस्सा लेगी। प्रधानमंत्री मोदी इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। कैप्टन आर्यन एच देवोलेकर के नेतृत्व में असम रेजिमेंट की 32-सदस्यीय टुकड़ी नौसेना की टुकड़ी और सैन्य बैंड के साथ मार्च करेगी। यह भागीदारी दोनों देशों के रणनीतिक संबंधों और सैन्य सहयोग के जरिए हिंद महासागर में शांति, स्थिरता और सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए भारत की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है।

## संपादकीय

# पुस्तक में बदलाव

**एनसीईआरटी** ने 9वीं कक्षा की सामाजि विज्ञान की पुस्तक में कई बदलाव कर के भविष्य के शिक्षा मॉडल की झलक दिखा दी है। कई बदलावों में एक अहम बदलाव मनुस्मृति के श्लोक को शामिल करना है। विपक्ष हमेशा आरोप लगाता रहता है कि मौजूदा सरकार शिक्षा का भगवाकरण कर रही है। मनुस्मृति का श्लोक शामिल करना विपक्ष की आशंका को सच करता प्रतीत हो रहा है। एनसीईआरटी की कक्षा 9 की नई सामाजिक विज्ञान की पुस्तक में वैदिक काल में महिलाओं की स्थिति समझाने के लिए मनुस्मृति का एक श्लोक शामिल किया है। पुस्तक में मनुस्मृति का श्लोक 3.56 उद्धृत किया गया है। इसमें कहा गया है-जहां महिलाओं का सम्मान होता है, वहां देवता प्रसन्न होते हैं और जहां उनका सम्मान नहीं होता, वहां सभी धार्मिक कर्म निष्फल हो जाते हैं। मौजूदा सरकार को संविधान की प्रस्तावना में सेक्युलर और समाजवाद के जिक्र से समस्या रही है। पुस्तक से संविधान की प्रस्तावना को हटा दिया गया है। इसके साथ ही सोशलिस्ट और सेक्युलर शब्दों का भी जिक्र नहीं है। किताब में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन एसआईआर को अध्याय जोड़ दिया गया है।

**स्कूली पाठ्य पुस्तकों में बदलाव किए जाते रहे हैं, लेकिन ऐसा पहली बार हो रहा है, जब पुस्तकों को भी अपनी राजनीति के लिए इस्तेमाल करने की कोशिश की जा रही है।**

इमरजेंसी पर भी एक अध्याय जोड़ा गया है। पुस्तक में जिस तरह से कुछ चीजें हटाइं गइं और कुछ चीजें जोड़ गइं हैं, उन्हें देख कर लगता है कि सरकार किताब के माध्यम से विपक्ष को कठघरे में खड़ा करके अपना महिमामंडन करना चाहती है। सबसे दिलचस्प यह है कि किताब में मीडिया को लोकतंत्र का 'चौथा स्तंभ' बताकर कहा गया है कि यह जनता की आवाज उठाने और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा में अहम भूमिका निभाता है। इतना ही नहीं, पुस्तक में देश के चुनाव आयोग की भी प्रशंसा की गई है। आयोग को निष्पक्ष बताया गया है और कहा गया है कि आयोग इतने बड़े देश में चुनाव कराने में सक्षम है। पुस्तकों में बदलाव किए जाते रहे हैं, लेकिन ऐसा पहली बार है, जब पुस्तकों को भी अपनी राजनीति के लिए इस्तेमाल करने की कोशिश की जा रही है। स्कूलों में पढ़ाई जाने वाली पुस्तकों में एक रंग नहीं होना चाहिए। उसमें सभी रंग होने जरूरी हैं, तभी शिक्षा का उद्देश्य पूरा होगा। किसी पुस्तक से समाज में ऐसा संदेश नहीं जाना चाहिए कि सरकार पुस्तकों को भी अपने लिए इस्तेमाल कर रही है। दुर्भाग्य से ऐसा ही करने की कोशिश की जा रही है, जो अनुचित है।

## पाठकवाणी

# चढ़ावे की चोरी

श्री राम मंदिर में चढ़ावा चोरी के मामले में आखिरकार बीस दिन बाद एफआईआर दर्ज हो गई। आठ लोग गिरफ्तार कर लिए गए। यह एफआईआर, एसआईटी की रिपोर्ट मिलने के बाद दर्ज की गई है। इसके साथ ही श्री राम मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय व सदस्य डॉक्टर अनिल मिश्रा ने भी अपने पद से त्यागपत्र दे दिया। यह अच्छी बात है, क्योंकि कोई भी जांच निष्पक्ष रूप से तब तक नहीं हो सकती जब तक की ट्रस्ट में वो ही अधिकारी बैठे हुए हो जिन्होंने उन कर्मचारियों को नियुक्त किया हुआ हो जिन पर चढ़ावा चोरी के आरोप लगे हुए हैं। हालांकि चंपत राय जैसे व्यक्तित्व के ऊपर किसी भी तरह की हेरा फेरी का आरोप लगाना बेमानी होगा। हां व्यवस्थागत रूप से अपने द्वारा लगाए गए कर्मचारियों पर अंधा विश्वास करना और हेरा फेरी की सूचना मिलने पर भी कोई कार्रवाई न करना यह उनकी व्यवस्थागत कमी जरूर कही जाएगी। और इसी कारण वो भी संदेह के घेरे में आ जाते हैं। उनकी ढिलाई या लापरवाही से ही आरोपियों के हौसले बढ़ते गए और वह चढ़ावे में चोरी करते रहे। और इस हेरा फेरी का खुलासा भी चोरी किए गए चढ़ावे में बंटवारे पर मतभेद होने के कारण दूसरे कर्मचारियों ने किया। पहले भी श्री राम मंदिर के लिए जमीन खरीदने बेचने में करोड़ों रुपए का घोटाला बताया गया था। और उस समय भी ट्रस्ट ने इसका संज्ञान नहीं लिया। अगर उस समय ही जमीन घोटाले की जांच की जाती तो शायद यह क्रम चढ़ावे की चोरी तक नहीं आता।

## सोशल मीडिया

# कार्टून बहुत कुछ कह देता है

आज भले ही कथित हिंदूवादी संगठन गांधी, नेहरू, पटेल और सुभाष को सुविधावादी राजनीति के फायदों के मद्देनजर अलग-अलग खानों में रखते हुए, एक को दूसरे के विरुद्ध खड़ा करने का शौक रखते हों; पर आजादी के पहले इनके वैचारिक पुरखों की दृष्टि में सभी एक जैसे ही थे। इसका एक उदाहरण 1945 में प्रकाशित अग्रणी पत्रिका के उस कार्टून में देखा जा सकता है, जिसका संपादन नाथूराम गोडसे करते थे और जिसे सावरकर का समर्थन प्राप्त था। सावरकर का इस पत्रिका को वित्त पोषित करने में भी योगदान रहा है। इस कार्टून में सावरकर और श्यामा प्रसाद मुखर्जी गांधी पर शर-संधान करते दिखाई देते हैं। गांधी को दशानन रावण के रूप में चित्रित किया गया है, और उनके दस सिरों में नेहरू, पटेल, सुभाष आदि नेताओं को दिखाया गया है। अर्थात स्वतंत्रता आंदोलन का नेतृत्व करने वाले सभी प्रमुख नेता उनकी दृष्टि में रावण की ही परंपरा के थे। इससे स्पष्ट होता है कि इन कथित हिंदूवादी संगठनों के द्वारा आज जो गांधीवादियों और उग्र विचारधारा के नायकों यथा बोस और भगतसिंह के मध्य आजादी हासिल करने के तरीकों के आधार पर जिस तरह से सशस्त्र क्रांति के नायकों का समर्थन और गांधीवादियों के अहिंसक आंदोलनों पर तंज कसा जाता है, वह पूरी तरह से छद्म है। पूरे स्वतंत्रता आंदोलन के परिदृश्य से गायब रहने वालों की भूमिका पर सवाल न खड़े हों, इसलिए ही गांधी नेहरू की जेलों को आरामदेह ऐशगाह बताया जाता है, इसीलिए चरखे से आजादी दिलवाई कहकर गांधी पर तंज कसा जाता है। इनकी धूर्तता इसीसे पता चलती है कि ये नेहरू के साथ ही उसी जेल में बंद पटेल पर कुछ नहीं कहते! यह कार्टून इसकी पुष्टि करता है कि आजादी इनके लक्ष्यों में दूर-दूर तक न थी। अगर आजादी हासिल करने के तरीकों के आधार पर ही असली देशभक्त या नकली देशभक्त का तमगा देना है और गांधीवादियों के योगदान को खारिज करना है, तो आप यह बताइए कि आपके संगठन ने खुद क्रांतिकारियों की राह क्यों न चुनी? मतलब साफ है कि आजादी हासिल करने के तरीकों के आधार पर इनके मन में कोई विभेद था ही नहीं। क्योंकि तब ये, या तो तमाशाई थे या फिर अंग्रेज प्रशासकों को स्वतंत्रता आंदोलन को कुचलने की सलाह दे रहे थे।

# भरोसे के रिश्तों के कत्ल से कांपता समाज

**समाज में जब व्यक्ति अपने स्वार्थ, वासना और तात्कालिक सुख को ही सर्वोच्च मानने लगे, तब रिश्ते साधना नहीं, सौदे बन जाते हैं। ऐसी स्थिति में आवश्यक है कि परिवार, शिक्षा, धर्म, मीडिया और शासन-सभी मिलकर मानवीय मूल्यों, पारदर्शिता, संवाद, नैतिकता और पारस्परिक सम्मान की संस्कृति को पुनर्जीवित करें।**

पुणे के लोहगढ़ किले की ऊंची पहाड़ी से मंगेतर केतन अग्रवाल को धक्का देकर हत्या करने के आरोप में सिया गोयल की गिरफ्तारी ने पूरे देश को झकझोर दिया है। इससे पहले मेघालय में इंदौर के राजा रघुवंशी की हनीमून के दौरान कथित तौर पर पत्नी सोनम रघुवंशी द्वारा प्रेमी के साथ मिलकर की गई हत्या की घटना ने भी समाज को स्तब्ध किया था। ये घटनाएं केवल अपराध की श्रेणी में रखकर भुला देने योग्य नहीं हैं। ये उन मूल्यों, विश्वासों और रिश्तों की बुनियाद पर गहरा आघात हैं, जिन पर भारतीय समाज सदियों से खड़ा रहा है। भारतीय संस्कृति में विवाह केवल दो व्यक्तियों का संबंध नहीं, बल्कि दो परिवारों, दो संस्कृतियों और दो जीवन-दृष्टियों का मिलन माना गया है। विवाह को सात जन्मों का बंधन कहा गया है। ऐसे में यदि कोई पति, पत्नी, मंगेतर या प्रेमी एक-दूसरे को जीवन का साथी मानने के बजाय बाधा और कांटा समझने लगे, तो यह केवल व्यक्तिगत त्रासदी नहीं, बल्कि सामाजिक चेतना के संकट का संकेत है।

राजा रघुवंशी और केतन अग्रवाल जैसे मामलों में सबसे अधिक विचलित करने वाला पक्ष यह है कि हत्याएं उन लोगों ने कीं, जिन पर सबसे अधिक विश्वास किया गया था। विश्वास का यह टूटना ही समाज को भयभीत करता है। किसी भी सभ्यता की शक्ति उसकी सैन्य या आर्थिक ताकत नहीं, बल्कि उसके रिश्तों में निहित भरोसा होता है। जब यह भरोसा टूटने लगता है, तब समाज भीतर से कमजोर होने लगता है। यह प्रश्न स्वाभाविक है कि यदि कोई युवती या युवक किसी रिश्ते से संतुष्ट नहीं है, तो क्या उसके सामने 'ना' कहने का विकल्प नहीं था? आधुनिक समाज ने व्यक्तिगत स्वतंत्रता को पर्याप्त स्थान दिया है। सगाई तोड़ना, विवाह से इनकार करना, आपसी सहमति से अलग होना-ये सभी वैधानिक और सामाजिक विकल्प उपलब्ध हैं। फिर हत्या जैसी भयावह मानसिकता क्यों जन्म ले रही है?

इस प्रश्न का उत्तर केवल कानून या पुलिस के पास नहीं है। इसके लिए समाजशास्त्रियों, मनोवैज्ञानिकों, शिक्षाविदों, धर्माचार्यों और परिवार संस्थाओं को मिलकर मंथन करना होगा। आज का युवा एक ऐसे संक्रमणकाल से गुजर रहा है, जहां पारंपरिक मूल्य और आधुनिक




जीवनशैली के बीच गहरा द्वंद्व मौजूद है। एक ओर परिवार की अपेक्षाएं हैं, दूसरी ओर व्यक्तिगत इच्छाएं। संवाद के अभाव में यह द्वंद्व कई बार मानसिक तनाव, विद्रोह और हिंसा का रूप ले लेता है। पिछले कुछ वर्षों में देश ने श्रद्धा वालकर हत्याकांड, निक्की यादव हत्याकांड, बेंगलुरु, दिल्ली और अन्य महानगरों में प्रेम-संबंधों से जुड़े अनेक जघन्य अपराध देखे हैं। इन घटनाओं ने स्पष्ट किया है कि प्रेम, विवाह और संबंधों को लेकर समाज में गहरी अस्थिरता एवं अविश्वास बढ़ रहा है। यह अस्थिरता केवल स्त्री या पुरुष तक सीमित नहीं है, दोनों पक्षों में हिंसक प्रवृत्तियां दिखाई दे रही हैं।

मोबाइल संस्कृति और डिजिटल संसार ने इस संकट को और जटिल बनाया है। मोबाइल फोन, जो कभी दूरियों को समाप्त करने का माध्यम था, आज अनेक मामलों में षडयंत्र, छल और अपराध का साधन बनता जा रहा है। सोशल मीडिया ने तुलना, उपभोगवाद, त्वरित सुख और आभासी संबंधों को बढ़ावा दिया है। डिजिटल दुनिया में बने रिश्ते कई बार वास्तविक जीवन की जिम्मेदारियों और मर्यादाओं से कटे होते हैं। परिणामस्वरूप धैर्य, सहनशीलता और त्याग जैसी पारिवारिक जीवन की आवश्यक विशेषताएं कमजोर पड़ रही हैं। एक अन्य गंभीर पक्ष सांप्रदायिक अविश्वास और तथाकथित 'लव जिहाद' जैसे विवादों के संदर्भ में भी सामने आता है। जब प्रेम, विवाह या संबंधों का उपयोग छल, पहचान छिपाने, धार्मिक परिवर्तन, आर्थिक शोषण अथवा भावनात्मक उत्पीड़न के लिए किया जाता है, तब केवल दो व्यक्तियों का नहीं, बल्कि समुदायों के बीच विश्वास का भी हनन होता है। यह आवश्यक है कि किसी भी प्रकार के संबंध पारदर्शिता, स्वेच्छा, समानता और ईमानदारी पर आधारित हों। पहचान छिपाकर, धोखे से अथवा किसी वैचारिक एजेंडे के तहत बनाए गए संबंध सामाजिक सौहार्द को चोट पहुंचाते हैं।

लेकिन इस विषय पर संतुलित दृष्टिकोण भी आवश्यक है। कुछ घटनाओं के आधार पर किसी सम्पूर्ण समुदाय को दोषी ठहराना न केवल अन्यायपूर्ण है, बल्कि सामाजिक सद्भाव के लिए भी घातक है। भारत की शक्ति उसकी विविधता और सांप्रदायिक सौहार्द में निहित है। सदियों से विभिन्न धर्मों, जातियों और संस्कृतियों के लोग यहां पारस्परिक सम्मान और विश्वास के आधार पर साथ रहते आए हैं। अतः किसी भी अपराध को अपराधी की व्यक्तिगत जिम्मेदारी के रूप में देखना चाहिए, न कि पूरे समुदाय की पहचान के रूप में। हमें प्रेम के नाम पर छल का विरोध करना चाहिए, लेकिन साथ ही सामाजिक सौहार्द और मानवीय एकता को भी अक्षुण्ण रखना होगा। आज सबसे बड़ी चुनौती परिवार संस्था को पुनः सशक्त बनाने की है। संयुक्त परिवारों के विघटन, महानगरीय जीवन, एकाकीपन और अत्यधिक व्यस्तता ने परिवार के भीतर संवाद को कम कर दिया है। माता-पिता और बच्चों के बीच संवादहीनता बढ़ रही है। बच्चों को भौतिक सुविधाएं तो मिल रही हैं, लेकिन भावनात्मक सुरक्षा और मूल्यपरक संस्कार कम होते जा रहे हैं।

विद्यालयों और विश्वविद्यालयों में केवल रोजगारपरक शिक्षा पर्याप्त नहीं है। वहां जीवन-कौशल, नैतिक शिक्षा, भावनात्मक संतुलन, संबंध प्रबंधन और पारिवारिक मूल्यों पर भी गंभीर कार्य होना चाहिए। युवा पीढ़ी को यह समझाना होगा कि प्रेम का अर्थ अधिकार नहीं-उत्तरदायित्व है, संबंध का अर्थ उपभोग नहीं-समर्पण है और मतभेद का समाधान हिंसा नहीं-संवाद है। धर्म और आध्यात्मिक संस्थाओं की भूमिका भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। सभी धर्म प्रेम, करुणा, सत्य, अहिंसा और सह-अस्तित्व का संदेश देते हैं। यदि धार्मिक संस्थाएं युवा पीढ़ी को मानवीय मूल्यों, आत्मसंयम और संवाद की संस्कृति से जोड़ें, तो अनेक सामाजिक विकृतियों को रोका जा सकता है। आचार्य तुलसी, आचार्य महाप्रज्ञ, महात्मा गांधी और स्वामी विवेकानंद जैसे चिंतकों ने सदैव चरित्र, नैतिकता और आत्मानुशासन को समाज की आधारशिला माना।

पुणे और मेघालय की घटनाओं ने हमें चेतावनी दी है कि यदि हम अभी नहीं चेते, तो रिश्तों का संकट और गहरा सकता है। आवश्यकता इस बात की है कि हम परिवार, समाज और राष्ट्र-तीनों स्तरों पर विश्वास की पुनर्स्थापना का अभियान चलाएं। परिवारों में संवाद बढ़े, युवाओं को निर्णय की स्वतंत्रता के साथ जिम्मेदारी का बोध कराया जाए, डिजिटल संस्कृति पर संयम हो और सामाजिक-सांप्रदायिक सौहार्द को मजबूत बनाया जाए। सभ्यता की पहचान ऊंची इमारतों, तकनीकी प्रगति और आर्थिक समृद्धि से नहीं होतीय उसकी पहचान इस बात से होती है कि वहां लोग एक-दूसरे पर कितना भरोसा करते हैं। यदि भरोसा टूट गया, तो समाज की आत्मा घायल हो जाएगी। इसलिए आज का सबसे बड़ा राष्ट्रीय दायित्व है-रिश्तों के भरोसे को बचाना, मानवीय संवेदनाओं को पुनर्जीवित करना और प्रेम, विश्वास तथा सौहार्द की उस परंपरा को मजबूत करना, जिसने भारतीय समाज को सदियों से जीवंत बनाए रखा है।

आज भारतीय समाज जिस संक्रमणकाल से गुजर रहा है, उसमें रिश्तों का संकट केवल पति-पत्नी अथवा प्रेम-संबंधों तक सीमित नहीं रह गया है। एक ओर पुणे और मेघालय जैसी घटनाएं भरोसे के रिश्तों की हत्या कर रही हैं, तो दूसरी ओर प्रशासनिक लापरवाही के कारण अस्पतालों, स्कूलों और सार्वजनिक स्थलों पर आगजनी एवं दुर्घटनाओं में मासूमों की मौतें व्यवस्था के प्रति जनता के विश्वास को तोड़ रही हैं। सांप्रदायिक तनाव, धार्मिक कट्टरता, पहचान छिपाकर बनाए जाने वाले संबंध, प्रेम के नाम पर छल और शोषण जैसी घटनाएं भी सामाजिक सौहार्द की नींव को कमजोर कर रही हैं। भौतिकता, उपभोक्तावाद और अंधी प्रतिस्पर्धा की आंधी ने संयम, सादगी, त्याग और पारिवारिक मर्यादाओं जैसे जीवन-मूल्यों को हाशिए पर धकेल दिया है। वहीं नशे का बढ़ता प्रचलन, शराब और मादक पदार्थों की लत युवा पीढ़ी को परिवार और समाज से काटकर हिंसा, अपराध और संवेदनहीनता की ओर ले जा रही है। जब समाज में व्यक्ति अपने स्वार्थ, वासना और तात्कालिक सुख को ही सर्वोच्च मानने लगे, तब रिश्ते साधना नहीं, सौदे बन जाते हैं। ऐसी स्थिति में आवश्यक है कि परिवार, शिक्षा, धर्म, मीडिया और शासन-सभी मिलकर मानवीय मूल्यों, पारदर्शिता, संवाद, नैतिकता और पारस्परिक सम्मान की संस्कृति को पुनर्जीवित करें। क्योंकि यदि मानवीय रिश्तों की बुनियाद ही हिल गई, तो न केवल परिवार टूटेंगे, बल्कि सामाजिक सौहार्द, राष्ट्रीय एकता और सभ्यता का पूरा ढांचा भी संकट में पड़ जाएगा।

# कांटेदार तार का कलंकः संस्थाओं की कमी का खुला रूप

'रिफ्यूजी' या 'डिसप्लेस्ड'-ये शब्द सिर्फ़ पॉलिटिकल या लीगल शब्द नहीं हैं; इनमें एक गहरा, खूनी और दुखद इतिहास छिपा है। अपनी ही ज़मीन, जाने-पहचाने आसमान, अपने वतन की धूल और प्यारी जड़ों से एक पल में उजड़ जाने का दर्द जिसे बयान नहीं किया जा सकता, सिर्फ़ वही जानता है जिसने अपनी जान के डर से, एक रात में सब कुछ खो दिया और एक अनिश्चित भविष्य में कदम रख दिया। जब कोई इंसान स्टेटलेस हो जाता है, तो वह न सिर्फ़ एक ज्योग्राफिकल बाउंड्री खो देता है, बल्कि अपनी पहचान, अपना कल्चर और एक इंसान के तौर पर जीने का कम से कम हक़ भी खो देता है। 21वीं सदी के इस तथाकथित 'ग्लोबल विलेज' या ग्लोबलाइजेशन की सबसे बेहतरीन दुनिया के ज़माने में, क्या हम सच में एक इंसानी दुनिया बना पाए हैं? या हम धीरे-धीरे सभ्यता के चौराहे पर एक बेरहम और बिना भावना वाली मशीन बन गए हैं? ये सवाल आज की एडवांस्ड सिविल सोसाइटी में और भी ज़्यादा ज़रूरी हो गए हैं। आज इंटरनेशनल जियोपोलिटिक्स को देखें तो एक डरावना सीन सामने आता है। सीरिया, फिलिस्तीन, अफगानिस्तान, यूक्रेन से लेकर हमारे पड़ोसी म्यांमार तक, आज हर जगह स्टेट पावर और इंपिरियलिज्म का खुला प्रदर्शन है। एक तरफ़, डेवलप्ड दुनिया के तथाकथित सिविलाइज्ड देश ह्यूमन राइट्स के बड़े-बड़े वादे करते हैं, यूनाइटेड नेशंस के स्टेज पर खड़े होकर शांति का पैगाम देते हैं, और दूसरी तरफ़, अपने इकोनॉमिक और स्ट्रेटेजिक फायदों के लिए तीसरी दुनिया के देशों पर जंग थोपते हैं। हथियारों के व्यापार और मिनरल रिसोर्सेज पर कब्ज़े के इस गंदे खेल का शिकार आम मजदूर वर्ग के लोग होते हैं। सिर से छत छिन जाने के बाद, जब वे लोग अपनी जान के डर से दूसरे देशों के बॉर्डर पर खड़े होते हैं, तो सिर्फ़ कांटेदार तार की बाड़, पुलिस के लात मारने वाले जूते और अमानवीय डिटेंशन कैंप उनका इंतज़ार करते हैं। यह बहुत बड़ा दोगलापन मॉडर्न वर्ल्ड ऑर्डर के मुँह पर एक तमाचा है। जो इंसान कल अपने ही देश में डॉक्टर, टीचर या किसान था, बॉर्डर पार करने के बाद इंटरनेशनल डिप्लोमेसी की चक्की में सिर्फ़ एक नंबर, एक 'बोझ' या 'घुसपैठिया' बन जाता है। बंगा लियों के लिए 'रिफ्यूजी' शब्द का एक अलग ही मतलब है, खून-खराबा और जलते हुए ज़ख्म। 1947 के बंटवारे और 1971 के आज़ादी की लड़ाई के दौरान लाखों लोगों



के अपने वतन छोड़ने का खूनी इतिहास आज भी हमारी यादों में ताजा है। ऋत्विक घटक की फ़िल्म का वो नारा- ₹तुम्हें क्या लगता है हम कौन हैं? हमारा देश कहाँ है?₹- आज भी बंगाली हवा में गूंजता है। आज के मॉडर्न शहर की नींव सियालदह स्टेशन के प्लेटफार्म पर लेटे, अख़बार बांटने वाले उन लोगों के त्याग, पसीने और खून पर बनी थी। अपनी ज़बरदस्त ज़िद और ज़िंदगी की लड़ाई से, उन उजड़े हुए लोगों ने धीरे-धीरे अपने हक छीने। हालांकि, आज के मशीनी और शहरी सिविल सोसाइटी में, उस दर्द का इतिहास धीरे-धीरे धुंधला होता जा रहा है। मॉडर्न ड्राइंग रूम और कॉर्पोरेट कॉफ़ी शॉप की एयर-कंडीशन्ड चैट में, हम रिफ्यूजी को आसानी से 'घुसपैठिए' कहकर खारिज कर देते हैं। एक अजीब सी सिविक शान और उग्र राष्ट्रवाद के नशे में हम भूल जाते हैं कि कंटीली तार के दूसरी तरफ खड़ा इंसान भी हमारी तरह हाड़-मांस का बना है। आज की स्टेट या नेशनल पॉलिटिक्स में ये रिफ्यूजी वोट बैंक के मोहरे भर हैं। सिटीजनशिप अमेंडमेंट एक्ट (उअअ) या नेशनल रजिस्टर ऑफ़ सिटिज़न्स (ठफ्ळ) जैसे पॉलिटिकल हथियारों का इस्तेमाल करके इन बेबस लोगों के वजूद को लगातार खतरे में डाला जा रहा है। चुनाव से पहले उन्हें सिटीजनशिप का लालच दिया जाता है, और चुनाव खत्म होते ही उन पर शक के तीर छोड़े जाते हैं। कानूनी उलझनों की चक्की में पीसकर उन्हें अपनी ही ज़मीन पर देश निकाला देकर जीने को मजबूर किया जाता है। पॉलिटिकल फायदे के लिए धर्म और भाषा के आधार पर उनमें फूट डालने की यह इंस्टीट्यूशनल साजिश सचमुच एक बेशर्म पॉलिटिकल दोगलापन है। इसके अलावा, आज दुनिया एक नए संकट का सामना कर रही है - 'क्लाइमेट रिफ्यूजी'। ग्लोबल वार्मिंग की वजह से सुंदरबन से लेकर दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में तटीय इलाकों के लोग कुदरती आफतों की वजह से अपनी जमीन खो रहे हैं। समुद्र का लेवल बढ़ने की वजह से पूरे के पूरे आइलैंड खत्म हो रहे हैं। नदी के कटाव में सब कुछ गंवा चुके ये लोग जब शहर में रिक्शा चलाने या माइग्रेंट वर्कर के तौर पर काम करने आते हैं, तो यह सो-कॉल्ड सिविलाइज्ड समाज उन्हें मिनिमम इंसानी इज्ज़त भी नहीं देता। फर्स्ट वर्ल्ड में बहुत ज्यादा कार्बन एमिशन और कॉर्पोरेट लालच की वजह से एनवायरनमेंटल तबाही हो रही है, जबकि थर्ड वर्ल्ड के मार्जिनलाइज्ड लोग इसकी सबसे बड़ी कीमत चुका रहे हैं। जब कोई बच्चा रिफ्यूजी कैंप में पैदा होता है, तो वह किसी देश का सिटिज़न नहीं, एक इंटरनेशनल 'प्रॉब्लम' बनकर पैदा होता है। उसका बचपन कांटेदार तारों की बाड़ के पीछे छीन लिया जाता है। जिस उम्र में उसके हाथ में किताब और पेंसिल होनी चाहिए, वह रिलीफ ट्रकों का पीछा करना सीख जाता है। इन बिना देश के लोगों में पीढ़ियों से जो साइकोलॉजिकल ट्रॉमा या साइकोलॉजिकल खालीपन पैदा हो रहा है, उसकी जिम्मेदारी कौन लेगा?

आखिरकार, हमें बॉर्डर, कांटेदार तार और पासपोर्ट की इस क्रूर जियो पॉलिटिक्स से ऊपर उठकर इंसानियत को फिर से परिभाषित करना होगा। मैप पर पेंसिल से खींची गई कुछ लाइनें कभी भी जीने का अधिकार नहीं छीन सकतीं। जब तक इस धरती से किसी रिफ्यूजी कैंप का आखिरी टेंट नहीं उखाड़ दिया जाता, तब तक हमारा तथाकथित सभ्यता का गर्व सिर्फ एक मजाक है। अगर हम इन बिना देश वाले लोगों के साथ हमदर्दी नहीं रख सकते, तो 21वीं सदी की सभी टेक्नोलॉजी और ऊंची इमारतें सचमुच बेकार हैं। अब इस बांटने की पॉलिटिक्स के खिलाफ खड़े होने और कांटेदार तार के दूसरी तरफ के लोगों के आंसू पोंछने का समय आ गया है। क्योंकि कौन जानता है, शायद कल किसी जियोपॉलिटिकल बदलाव में हम खुद उस कांटेदार तार के दूसरी तरफ खड़े हों?

**लेखक - श्यामल सेनगुप्ता**

# क्या सिलेबस में सच में जरूरी थी 'इमरजेंसी'?



इतिहास एक बहती नदी है, जिसके साफ आईने में सभ्यताओं के उदय और पतन की एकदम सही झलक दिखती है। लेकिन जब वह इतिहास पॉलिटिकल मुनाफाखोरों की अंधी कोठरी में कैद हो जाता है, तो वह ज्ञान का आज़ाद ज़रिया नहीं रहता; वह सत्ता का एक नंगा और जहरीला हथियार बन जाता है। ठउएफ्ळ के क्लास 11 के सिलेबस में 1975 की 'इमरजेंसी' पर एक चैप्टर शामिल करने के फैसले को लेकर हाल ही में जो विवाद हुआ, वह सचमुच इतिहास को गलत तरीके से पेश करने का एक ज्वलंत उदाहरण है। इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि 25 जून, 1975 आजाद भारत के माथे पर एक काला और सबसे काला चैप्टर था। लेकिन एक ऐसी सरकार के लिए यह अचानक 'इमरजेंसी' वाला प्यार, जो टेक्स्ट बुक से मुगल साम्राज्य, डार्विन के इवोल्यूशनिज़्म या गांधी की हत्या के संदर्भ को बड़ी कुशलता से मिटाने में नहीं हिचकिचाती, असल में एक सोची-समझी पॉलिटिकल ब्लूप्रिंट है।

अपने रेडिकल पॉलिटिकल एजेंडा में फिट न होने वाले चैप्टर को बेरहमी से काट देना, और कुछ चैप्टर को बड़ा करके विरोधी खेमे को ऐतिहासिक कटघरे में खड़ा करना - यह आदत एक अजीब 'सेलेक्टिव एम्नेशिया' या सेलेक्टिव भूलने की बीमारी है। आज, शहरी सोच वाले हलकों में एक कभी न मिटने वाला सवाल बार-बार गूंज रहा है - 1975 की घोषित इमरजेंसी के बारे में बहुत दुख-दर्द गाए गए, लेकिन आज पूरे देश पर मंडरा रही एक बिना लिखी और अघोषित इमरजेंसी की काली परछाई के लिए करिकुलम कब लिखा जाएगा? क्या जांच एजेंसियों को दबाकर, स्वतंत्र पत्रकारिता को दबाकर, और असहमति को बुलडोजर से कुचलकर विरोधी आवाज़ों को दबाने का यह रोज़ का त्योहार 1970 के दशक के काले दिनों से कम डरावना है?

एजुकेशन सिस्टम का यह बेशर्म पॉलिटिसाइजेशन हमें एक डरावनी सच्चाई से रूबरू कराता है। स्कूल तेज़ी से पॉलिटिकल कैडर बनाने वाली फैक्ट्रियों में बदलते जा रहे हैं। नौवीं क्लास के एक छोटे से स्टूडेंट के कोमल दिलों में पॉलिटिकल नफरत के बीज बोए जा रहे हैं। इतिहास सिर्फ़ विजेता की कलम से लिखा प्रोपेगैंडा नहीं है। घोषित इमरजेंसी के साथ-साथ, आज की अघोषित इमरजेंसी की काली कहानी भी एक दिन समय के अटल नियमों में इतिहास के पन्नों में अपनी सही जगह ले लेगी। उस दिन, राज्य की कोई भी सिलेबस कमेटी उस कड़वी सच्चाई को मिटा नहीं पाएगी।

**लेखक - आरजे राकेश**

## आज का राशिफल

**मेष** - संतान संबंधी शुभ समाचार प्राप्त होने के योग हैं। लेखन, अध्ययन के प्रति रूचि रहेगी। अनावश्यक विवादों को टालना हितकर रहेगा।

**वृषभ** - अज्ञात भय एवं चिन्ता रहेगी। उच्चाधिकारियों का सहयोग रहेगा। इच्छा के अनुसार कामकाज की अधिकता रहेगी। निजी दायित्व बढ़ेंगे।

**मिथुन** - जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद होगा। शत्रुओं का पराक्रम बढ़ेगा। कामकाज की अधिकता रह सकती है। निजी दायित्वों की पूर्ति होगी।

**कर्क** - खानपान की अनियमितता बनी रहेगी। शारीरिक कष्ट होगा। जोखिम कार्यो में उत्साह बना रहेगा। जधनु, जायजाद के कार्य लाभदायक रहेंगे।

**सिंह** - मानसिक सुख एवं प्रसन्नता रहेगी। विशिष्टजनों से समाचार मिलेगा। नये कार्यो में उत्साह बना रहेगा। जधनु, जायजाद के कार्य लाभदायक रहेंगे।

**कन्या** - आजीविका प्रयासों में सफलता मिलेगी। माता पिता का सुख मिलेगा। दायित्वों की पूर्ति होगी। पद, प्रतिष्ठा, सम्मान में वृद्धि होगी।

**तुला** - स्थायी एवं अन्य साधनों की प्राप्ति होगी। सामाजिक प्रभाव रहेगा। मित्रों एवं अधिकारियों की मदद मिलेगी। रचनात्मक कार्य बनेगा।

**वृश्चिक** - आकस्मिक खर्च में वृद्धि होगी। दैनिक कार्य में व्यवधान आ सकता है। निजी पुरूषार्थ बना रहेगा। दूरगामी परिणाम सामने आ सकता है।

**धनु** - शासकीय पक्ष आपके अनुकूल रहेगा। इच्छानुसार सभी कामकाज बनेंगे। दूरगामी परिणाम आपके पक्ष में होंगे। साहसिक पराक्रम बना रहेगा। लाभ होगा।

**मकर** - मानसिक सुख एवं प्रसन्नता रहेगी। विशिष्टजनों का सहयोग मिलेगा। नवीन कार्यों के प्रति सचेत रहें। मित्र वर्ग संतुष्ट रहेंगे। संयम से कार्य करें।

**कुम्भ** - पारिवारिक सुख सुविधाओं में वृद्धि होगी। व्यापार व्यवसाय अच्छा चलेगा। सामाजिक सेवा में वृद्धि होगी। दूर की यात्रा होगी।

**मीन** - सुख सुविधाओं में विघ्न बाधा उपस्थित होगी। प्रियजनों के कारण पीड़ा हो सकती है। व्ययभार बढ़ेगा। निजी कामकाज बनेगा. धैर्य से कार्य करें।

**व्यापार-भविष्य**

**शुद्ध ज्येष्ठ शुक्ल त्रयोदशी को अनुराधा नक्षत्र के प्रभाव से सोना, चांदी के भाव में तेजी होगी। पीतल, तांबा, लोहा, शेयर, रूई, कपास, सन, जूट, पाट, बारदाना में तेजी होगी। हल्दी, सौंप, मिर्च, मजीट में तेजी का योग है। भाग्यांक- 7110 है।**

# ‘मन की बात’ के 135वें संस्करण में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विज्ञान, संस्कृति, पर्यावरण और जनभागीदारी से विकसित भारत का मंत्र दिया : मदन राठौड़

चमकता राजस्थान

जयपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को ‘मन की बात’ के 135वें संस्करण में देशवासियों को संबोधित करते हुए विज्ञान, आत्मनिर्भर भारत, पर्यावरण संरक्षण, सांस्कृतिक विरासत, सामाजिक सुरक्षा, नवाचार और जनभागीदारी जैसे अनेक महत्वपूर्ण विषयों पर प्रेरणादायी संदेश दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश की सबसे बड़ी शक्ति उसके 140 करोड़ नागरिक हैं और जब समाज संकल्प लेकर आगे बढ़ता है तो बड़े से बड़ा परिवर्तन संभव हो जाता है।

प्रधानमंत्री ने भारत की बढ़ती सामरिक शक्ति और रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता का उल्लेख करते हुए हाल ही में भारतीय नौसेना में शामिल किए गए आईएनएस दूनागिरि, आईएनएस संशोधक और आईएनएस अर्ग्य जैसे स्वदेशी युद्धपोतों का उल्लेख किया। उन्होंने डीआरडीओ की उपलब्धियों तथा लॉन्ग रेंज लैंड अटैक क्रूज़ मिसाइल के सफल परीक्षण को भारत की वैज्ञानिक क्षमता का प्रतीक बताया। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत आज रक्षा क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छू रहा है और आत्मनिर्भरता की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है।

उन्होंने विमानन क्षेत्र में भी भारत की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि सी-295 (C-295) मेड इन इंडिया विमान परियोजना देश के एयरोस्पेस क्षेत्र को नई पहचान दे रही है। भारत में इन विमानों का निर्माण न केवल तकनीकी आत्मनिर्भरता को मजबूत करेगा बल्कि एमएसएमई और स्थानीय उद्योगों के लिए भी नए अवसर पैदा करेगा।

प्रधानमंत्री ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की ऐतिहासिक सफलता का उल्लेख करते हुए बताया कि विश्व के 2500 से अधिक स्थानों पर योग दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। उन्होंने अहमदाबाद में आयोजित विश्व योगासन चैंपियनशिप में भारत के शानदार प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि भारतीय खिलाड़ियों ने 114 पदक, जिनमें 102 स्वर्ण पदक शामिल हैं, जीतकर विश्व में भारत का गौरव बढ़ाया।



उन्होंने देशवासियों द्वारा ‘वोकल फॉर लोकल’ अभियान, स्वदेशी उत्पादों की खरीद, प्राकृतिक खेती, रसायन मुक्त खेती, कार पूलिंग तथा पर्यावरण संरक्षण जैसे अभियानों में बढ़-चढ़कर भागीदारी की सराहना की। प्रधानमंत्री ने कहा कि जब नागरिक स्वयं जिम्मेदारी निभाते हैं तो राष्ट्र निर्माण की गति कई गुना बढ़ जाती है।

सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत मात्र 20 रुपये वार्षिक प्रीमियम पर दो लाख रुपये तक का दुर्घटना बीमा उपलब्ध कराया जा रहा है। इस योजना से लगभग 58 करोड़ लोग जुड़े हैं और 3700 करोड़ रुपये से अधिक की सहायता लाभार्थियों तक पहुंच चुकी है। इसी प्रकार प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के अंतर्गत 436 रुपये वार्षिक प्रीमियम पर दो लाख रुपये का जीवन बीमा उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे लगभग 27 करोड़ लोग जुड़े हैं और 11 लाख परिवारों को 22 हजार करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता मिली है।

प्रधानमंत्री ने महाराष्ट्र के नांदेड़ जिले के एक प्रेरणादायी परिवार का उल्लेख करते हुए बताया कि किस प्रकार उन्होंने पूरे गांव के लोगों का दुर्घटना बीमा करवाकर सामाजिक उत्तरदायित्व का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया। उन्होंने इसे समाज के लिए प्रेरणास्रोत बताया।

पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए प्रधानमंत्री ने असम की प्रसिद्ध जीव वैज्ञानिक पूर्णिमा देवी बर्मन द्वारा दुर्लभ हरगिला पक्षी के संरक्षण के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने मेघालय के जीवंत रूट ब्रिज को यूनेस्को विश्व धरोहर नेटवर्क में शामिल करने हेतु किए जा रहे प्रयासों की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह प्रकृति और मानव के सामंजस्य का अद्भुत उदाहरण है। उन्होंने इन रूट ब्रिजों की 50 वर्ष देखभाल करने वाले हैली वार जी को इस वर्ष पद्म अवार्ड से सम्मानित किए जाने का भी उल्लेख किया क

प्रधानमंत्री ने मध्य प्रदेश के राजगढ़ जिले के नागरिकों द्वारा प्लास्टिक कचरे के पुनः उपयोग से सार्वजनिक स्थलों को सुंदर बनाने की पहल को भी देश के लिए अनुकरणीय बताया। उन्होंने आगामी गणेश उत्सव के अवसर पर मिट्टी से बनी पर्यावरण अनुकूल मिट्टी की गणेश प्रतिमाओं को अपनाने का आ''ान करते हुए ‘वोकल फॉर लोकल’ को मजबूत करने का संदेश दिया।

उन्होंने नागालैंड की बेबी लीग फुटबॉल और नागालैंड वूमन फुसटल लीग जैसी पहल की सराहना करते हुए कहा कि खेल सामाजिक परिवर्तन का प्रभावी माध्यम बन रहे हैं। नवाचार और शोध पर बल देते हुए प्रधानमंत्री ने नालंदा विश्वविद्यालय के नए परिसर का उल्लेख किया और कहा कि यहां भारत की प्राचीन शास्त्रार्थ परंपरा को आधुनिक स्वरूप में पुनर्जीवित किया जा रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डेटा साइंस में बीटेक कार्यक्रम प्रारंभ कर रहा है, जो भारतीय ज्ञान परंपरा और आधुनिक तकनीक का उत्कृष्ट संगम होगा।

प्रधानमंत्री ने कैरेबियाई क्षेत्र के डोमिनिका में भारतीय संस्कृति के प्रचार-प्रसार में लगे भारतीय मूल के लोगों के प्रयासों की भी चर्चा की, जो विदेशों में भारतीय परंपरा और वैदिक संस्कृति का गौरव बढ़ा रहे हैं।

अपने संबोधन के अंत में प्रधानमंत्री ने जल संरक्षण को राष्ट्रीय जनआंदोलन बनाने का आ''ान करते हुए ‘कैच द रेन’ अभियान को आगे बढ़ाने, वर्षा जल संचयन करने और प्रत्येक बूंद पानी बचाने का संकल्प लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि आने वाली पीढ़ियों के लिए जल संरक्षण आज की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है।

इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने जयपुर के सांगानेर विधानसभा क्षेत्र स्थित प्रताप नगर के श्योपुर मंडल में कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय नागरिकों के साथ प्रधानमंत्री के ‘मन की बात’ कार्यक्रम को सुना। वहीं भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री अजेय कुमार ने सिविल लाइंस स्थित बूथ संख्या 131 पर आयोजित कार्यक्रम में सहभागिता की। प्रदेश भाजपा कार्यालय सहित प्रदेशभर में पार्टी पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं ने बूथ स्तर तक ‘मन की बात’ कार्यक्रम को सामूहिक रूप से सुनकर प्रधानमंत्री के संदेशों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का ‘मन की बात’ केवल एक रेडियो कार्यक्रम नहीं, बल्कि जनभागीदारी के माध्यम से राष्ट्र निर्माण का अभियान है। यह कार्यक्रम देशवासियों को विज्ञान, नवाचार, संस्कृति, पर्यावरण, सामाजिक उत्तरदायित्व और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प से जोड़ने का प्रभावी माध्यम बन चुका है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आ''ान किया कि प्रधानमंत्री द्वारा दिए गए प्रत्येक संदेश को जनआंदोलन बनाते हुए समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाया जाए, जिससे विकसित भारत के लक्ष्य को और अधिक गति मिल सके।

## संक्षिप्त समाचार

### डग में 42 दिवसीय अभिरुचि शिविर का गरिमामय समापन

**चमकता राजस्थान/डग-28 जून (कुन्दन व्यास)।** राजस्थान राज्य भारत स्काउट एवं गाइड स्थानीय संघ,डग तथा स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल विद्यालय,डग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 42 दिवसीय अभिरुचि शिविर का समापन समारोह शनिवार को राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय,डग में उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ।कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी राजेन्द्र कुमार जैन ने की।पेंशनर समाजसेवी नंदलाल शर्मा एवं राजस्थान राज्य भारत स्काउट एवं गाइड के स्थानीय संघ सचिव कैलाश नाथ योगी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।कार्यक्रम का शुभारम्भ माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन से हुआ।इसके बाद बालिकाओं ने मनमोहक संगीत एवं सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया।शिविर प्रभारी गिरिराज किशोर व्यास ने समेकित प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए बताया कि 18 मई से 28 जून 2026 तक चले 42 दिवसीय शिविर में विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास, अनुशासन,नेतृत्व क्षमता,सेवा भावना,योग,स्काउट-गाइड प्रशिक्षण,प्राथमिक उपचार, खेलकूद,सांस्कृतिक गतिविधियों एवं कौशल विकास पर विशेष कार्य किया गया।अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में सीबीईओ राजेन्द्र कुमार जैन ने कहा कि ऐसे शिविर विद्यार्थियों में अनुशासन,आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करते हैं तथा उन्हें जीवन की चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार करते हैं। समाजसेवी नंदलाल शर्मा ने विद्यार्थियों को कौशल विकास का महत्व बताते हुए निरंतर सीखते रहने की प्रेरणा दी।वहीं स्थानीय संघ सचिव कैलाश नाथ योगी ने स्काउट-गाइड आंदोलन के आदर्शों -सेवा, अनुशासन और राष्ट्रभक्ति - को जीवन में अपनाने का आ''ान किया।समारोह में 118 प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए तथा विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 18 विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में सहायक प्रभारी ब्रह्मानंद मीणा,कालूराम शर्मा,गोपाल लाल शर्मा,रेखा सोनी,शगुफ्ता खान,फिज़ा बालोत एवं पूजा सोनी का विशेष सहयोग रहा।

### वैवाहिक वर्षगांठ पर समाजसेवी अमरचंद मूंदड़ा ने निभाया सेवा का संकल्प

**चमकता राजस्थान/जोधपुर।** रामनारायण तिरोदा,समाजसेवी अमरचंद मूंदड़ा ने अपनी वैवाहिक वर्षगांठ को सेवा दिवस के रूप में मनाते हुए सारथी यूथ फाउंडेशन के सहयोग से जोधाणा वृद्धाश्रम में सेवा कार्य का आयोजन किया इस अवसर पर वृद्धजनों की सेवा कर उनके साथ आत्मीय समय बिताया गया तथा उनका आशीर्वाद प्राप्त किया गया। कार्यक्रम ने समाज में सेवा, संस्कार और मानवता का प्रेरणादायी संदेश दिया।

सारथी यूथ फाउंडेशन के संस्थापक एवं अध्यक्ष देवेन्द्र गहलोत ने बताया कि फाउंडेशन का उद्देश्य लोगों को अपने जन्मदिन, वैवाहिक वर्षगांठ एवं अन्य शुभ अवसरों को सेवा कार्यों से जोड़ने के लिए प्रेरित करना है। इसी सोच के साथ समाजसेवी अमरचंद मूंदड़ा की वैवाहिक वर्षगांठ पर यह सेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया गहलोत बताया कि सारथी यूथ फाउंडेशन पिछले 4झ5 वर्षों से निरंतर गौ सेवा, पक्षी सेवा, संत सेवा, वानर सेवा, वृद्धजनों की सेवा, अनाथ एवं दिव्यांगजनों की सहायता, वस्त्रदान तथा सरकारी अस्पतालों में जरूरतमंद मरीजों एवं उनके परिजनों को भोजन सेवा उपलब्ध कराने जैसे अनेक जनकल्याणकारी कार्यों में सक्रिय भूमिका निभा रहा है। इसके साथ ही सरकारी अस्पतालों में व्हीलचेयर एवं स्ट्रेचर भेंट कर जरूरतमंदों की सहायता भी की जा रही है।

फाउंडेशन की जिलाध्यक्ष पूजा सुराणा ने बताया कि कार्यक्रम के समापन पर जोधाणा वृद्धाश्रम के रतन सिंह गहलोत, दीपक शर्मा एवं मोहित गहलोत ने सारथी यूथ फाउंडेशन एवं अमरचंद मूंदड़ा परिवार का सेवा कार्य के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज में सेवा और संवेदनशीलता की भावना को मजबूत करते हैं इस अवसर पर जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष एस. के. पुरोहित, जिला उपाध्यक्ष राधिका कानुंगा, दिनेश मेवाड़ा, सुनीता सोलंकी, अशोक कुमार चितारा, रामनारायण थिरोदा, दीपक शर्मा, गौरव थिरोदा सहित सारथी यूथ फाउंडेशन के अनेक पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

## 'म्हारो बरवाड़ो फाउंडेशन' का 36 दिवसीय संस्कार शिविर उत्साह के साथ संपन्न

चमकता राजस्थान



**चौथ का बरवाड़ा।** स्थानीय सामाजिक संगठन 'म्हारो बरवाड़ो फाउंडेशन' के तत्वावधान में आयोजित 36 दिवसीय शिविर का समापन समारोह अलंकार वितरण और भव्य भारत माता की आरती के साथ गरिमामय ढंग से संपन्न हुआ। इस शिविर ने बच्चों को भारतीय संस्कृति, संस्कार और सामाजिक मूल्यों से जोड़ने का सराहनीय कार्य किया।

**● वैदिक मंत्रोच्चार और यज्ञ की पूर्णाहुति**

कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता की आरती के साथ हुआ। इसके बाद आचार्य महेश शर्मा और चेतन शर्मा के सानिध्य में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन संपन्न हुआ। मुख्य यजमान धनराज महावर ने सपत्नीक हवन में आहुतियां दीं। आचार्य महेश शर्मा ने बच्चों को यज्ञ का महत्व समझाते हुए बताया कि हवन प्रक्रिया न केवल आध्यात्मिक चेतना जागृत करती है, बल्कि यह पर्यावरण शुद्धि और सकारात्मक ऊर्जा का सर्वोत्तम माध्यम है।

**● अलंकार वितरण और अतिथियों का मार्गदर्शन**

समापन समारोह में शिविर के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बालकों को अलंकार एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सरपंच बसंती लाल सैनी, पूर्व उपसरपंच चौथ मल वर्मा, अधिवक्ता अजय शेखर दवे, कॉलेज प्रिंसिपल महेंद्र सिंह आमेरा, सेवा भारती जिला उपाध्यक्ष अनिल जैन, सामाजिक कार्यकर्ता मनीष वर्मा,जम्मू जैन, ज्ञानचंद जैन मेघराज हल्दूनिया, सुरेश खटाणा, ऋषभ जैन,हेमराज जैन, राजेश शर्मा,शिक्षक अवधेश शर्मा, नितेश शर्मा, राकेश शर्मा, हरिमोहन वर्मा, प्रधानाध्यापक दामोदर वर्मा, उमा शंकर गुर्जर सहित अनेक प्रबुद्ध नागरिक उपस्थित रहे।

**● आभार और सफल संचालन**

कार्यक्रम के अंत में 'म्हारो बरवाड़ो फाउंडेशन' के समन्वयक अनेंद्र सिंह आमेरा ने उपस्थित सभी अतिथियों, अभिभावकों और ग्राम वासियों का हृदय से धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने विशेष रूप से उल्लेख किया कि यह शिविर ग्राम वासियों के अभूतपूर्व सहयोग और निरंतर प्रोत्साहन के बिना संभव नहीं था।

इस अवसर पर शिविर के सफल आयोजन में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले शिविर संयोजक राकेश शर्मा, सचिव हंसराज मीणा और प्रशिक्षिका रिंकी महावर की विशेष उपस्थिति रही, जिनके कुशल मार्गदर्शन में बच्चों ने शिविर के दौरान अनेक नई कलाएं और संस्कार सीखे। कार्यक्रम के अंत बालभोज के पश्चात शांति पाठ के साथ शिविर के समापन की घोषणा की गई।

## भक्ति और श्रद्धा का संगम नैनी बाई का मायरा-महामंडलेश्वर स्वामी चेतनगिरीजी

**● बासनी तिलवाड़ियान सोजत भेरूजी मंदिर प्राण प्रतिष्ठा आयोजन**



**चमकता राजस्थान/हितेष भाटी/सोजत।** निकटवती ग्राम बासनी तिलवाड़ियान जो वंशावली सरंक्षक (पाण्डुलिपि धारकों) के अनुसार यह गांव त्रिवेदी ब्राह्मणों का था पुराने राजस्व रेकर्ड में आज भी इनके पूर्वजों के नाम का का उल्लेख मिलता हे इसी गांव में पिछले पाँच दिन से आस्था व श्रद्धा का अद्भुत संगम देखने को मिला प्रतिदिन महामंडलेश्वर स्वामी चेतनगिरी महाराज द्वारा ‘‘नैनी बाई का मायरा’’ पौराणिक कथा का पाठ का वाचन किया जाता रहा व साथ ही गांव के सबके सहयोग और भामाशाहों के सहयोग से मंदिर का निर्माण कार्य पूर्ण होकर वैदिक मंत्रोचारण के साथ आचार्य पंडित पाचाराम जोशी के आचार्यत्व में प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव श्रद्धा,भक्ति और उत्साह के साथ संपन्न हुवा । महोत्सव के दोरान धार्मिक आयोजनों में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया,मंदिर परिसर को फूल मालाओं और लाइट से सजाया गया गाव में समरसता का माहौल रहा । भामाशाह अनोपसिह लखावत का पूरा सहयोग रहा ।आयोजन समिति के सरक्षक किशन कच्छवाहा, अध्यक्ष हेमाराम भाटी, उपाध्यक्ष राजेंद्र सांखला, सचिव पन्नालाल पंवार, प्रवक्ता भवरलाल भाटी एवं कोषाध्यक्ष श्रवण पंवार , घीसाराम सांखला, रामचंद्र पंवार, महेश सांखला, दिनेश सांखला, उकड़ाराम प्रजापत, चुन्नीलाल पालरिया, ताराचंद सांखला और गांव के लोगो ने मिल जुलकर कार्य किया। भोपाजी का मार्गदर्शन रहा । महाप्रसादी का आयोजन किया गया, भामाशाहों का बहुमान किया गया । इस आयोजन में सोजत के माली समाज के चौधरीगण गोरधन गहलोत, ताराचंद जाखड़, गणपतसिह, देवीलाल सांखला , प्रकाश भाई,शेरा राम एडवोकेट सपरिवार भी उपस्थित रहे।

## गंगापुर सिटी शिफा मेडिकल स्टोर,पर डॉ गौरव शर्मा प्रत्येक शनिवार को, देंगे अपनी सेवाएं

चमकता राजस्थान



(साबिर मोहम्मद)। गंगापुर सिटी/नशा मुक्ति शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस मौके पर समाज को नशे की लत से मुक्ति दिलाने और बेहतर स्वास्थ्य परामर्श देनेसाप्ताहिक शिविर, शिफा मेडिकल स्टोर पर अब प्रत्येक शनिवार को नशा मुक्ति और मानसिक स्वास्थ्य से संबंधित विशेष सेवाएं उपलब्ध रहेंगी। डॉ गौरव शर्मा,हर शनिवार को मेडिकल स्टोर पर मौजूद रहकर मरीजों को अपनी सेवाएं और उचित परामर्श देंगे। शिफा मेडिकल स्टोर के संचालक अब्दुल सलाम ने बताया कि इस शिविर का मुख्य उद्देश्य स्थानीय लोगों को नशे के जाल से बाहर निकालना और उन्हें एक स्वस्थ जीवन की ओर अग्रसर करना है
यदि आप या आपका कोई परिचित इस संबंध में परामर्श पाना चाहता है, तो आगामी शनिवार को शिफा मेडिकल स्टोर पर जाकर डॉ. गौरव शर्मा से संपर्क कर सकता है।, संचालक अब्दुल सलाम चौधरी

## दौसा साइबर थाना की बड़ी कार्रवाई, एशियन पेंट्स ऐप में सेंध लगाने वाला एक और आरोपी गिरफ्तार

**चमकता राजस्थान/रिवेन्द्र कुमार शर्मा/दौसा।** साइबर थाना पुलिस ने एशियन पेंट्स के मास्टरस्ट्रोक ऐप में तकनीकी सेंध लगाकर करोड़ों की साइबर ठगी करने वाले एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी सोनू सैनी (23) निवासी काला काकरा वाली ढाणी, लालसोट को दबिश देकर पकड़ा। इस मामले में पूर्व में चार आरोपी गिरफ्तार किए जा चुके हैं, जो फिलहाल न्यायिक अभिरक्षा में हैं। मामला एशियन पेंट्स के रिवॉर्ड प्रोग्राम से जुड़ा है, जिसमें पेंटर्स को खरीदारी पर रिवॉर्ड दिया जाता था। आरोपियों ने बिना खरीदारी किए फर्जी दफकोड जनरेट कर कंपनी को 1.72 करोड़ रुपये से अधिक का नुकसान पहुंचाया। श्री बृजेश कुमार मीना के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई की। पुलिस अब गिरोह के अन्य सदस्यों से जुड़े नेटवर्क की जांच में जुटी है।

**श्री 1008 सुख संपत राम जी महाराज के मोक्ष दिवस पर विशेष आयोजन**

## श्री सिद्ध पंचमुखी बालाजी सेवा संस्थान की 236वीं रामधुन आयोजित

चमकता राजस्थान



**रामसिंह मीणा रघुनाथपुर/बड़ीसादड़ी।** श्री सिद्ध पंचमुखी बालाजी सेवा संस्थान बड़ीसादड़ी द्वारा प्रत्येक रविवार को आयोजित रामधुन के क्रम में 236वीं रामधुन प्रातः 6:45 बजे आनंद धाम श्री राम द्वारा चौक से प्रारंभ होकर नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए रामद्वारा पहुंची। जहां रामधुन का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया

आज की रामधुन श्री श्री 1008 सुख संपत राम जी महाराज के मोक्ष दिवस के अवसर पर आयोजित हुई। श्रद्धालुओं ने पूज्य महाराज जी को श्रद्धा सुमन अर्पित किए। उपस्थित सभी भक्तजनों ने सामूहिक रूप से विजय मंत्र एवं हनुमान चालीसा का पाठ किया। पाठ के पश्चात धर्म सभा का आयोजन किया गया

धर्म सभा में रामद्वारा श्री देवल मेड़ता धाम के उत्तराधिकारी श्री रामनिवास जी शास्त्री ने कहा कि विजय मंत्र एक सिद्ध मंत्र है। प्रत्येक रविवार को रामधुन के माध्यम से इसका जाप निसंदेह क्षेत्र के लिए कल्याणकारी होगा। जोधपुर रामद्वारा से पधारे श्री श्रवण राम जी महाराज ने कहा कि कलयुग में राम नाम के जाप का विशेष महत्व है

पुष्कर से पधारी साध्वी अनुराग ज्योति जी ने कहा कि रामधुन में इतनी बड़ी संख्या में बालक, बालिकाओं एवं युवा वर्ग की उपस्थिति आनंददायक है। इससे युवा पीढ़ी में संस्कारों का जागरण हो रहा है। संत श्री अनंत राम जी महाराज ने विजय मंत्र का उद्घोष करवाया एवं सुख संपत राम जी महाराज को श्रद्धा सुमन अर्पित किए

बालाजी संस्थान की ओर से राजेंद्र विजयवर्गीय ने कहा कि सुख संपत राम जी महाराज का जीवन एक सच्चे साधक और संत का जीवन था। उन्होंने सदैव जीवन में अपरिग्रह का कठोरता से पालन किया। बड़ीसादड़ी स्थित श्री राम द्वारा ऐसे ही पूज्य संतों की तपस्थली है। प्रत्येक रविवार को रामधुन इसी तपस्थली से प्रारंभ होती है और पूज्य संतों के आशीर्वाद से ही रामधुन अनवरत समाज में नवीन चेतना का जागरण कर रही है

प्रवीण सोनी ने रामधुन में पधारे सभी भक्तजनों का आभार व्यक्त किया। अंत में सभी को प्रसाद का वितरण किया गया।

# तिलकपुर धाम सामूहिक हमला प्रकरण - दलित अधिकार केंद्र की फैक्ट-फाइंडिंग में सामाजिक बहिष्कार और बिजली-पानी बंद करने का सनसनीखेज खुलासा

चमकता राजस्थान

अलवर। पुलिस थाना लक्ष्मणगढ़ के अंतर्गत ग्राम तिलकपुर धाम स्थित श्री हरचंद दास महाराज आश्रम में भागवत कथा के दौरान नामजद दबंग आरोपियों द्वारा हथियारों से लैस होकर प्राणघातक हमला करने के मामले में आज दलित अधिकार केंद्र के 10 सदस्यीय उच्च स्तरीय जांच दल द्वारा धरातलीय जांच अर्थात फैक्ट-फाइंडिंग की गई। केंद्र के मुख्य कार्यकारी एडवोकेट डॉ. हेमंत मीमरोठ के नेतृत्व में ग्राम तिलकपुर धाम पहुंचे इस जांच दल ने गवाहों एवं पीड़ितों के विस्तृत बयान दर्ज कर विधिक दस्तावेजों का संकलन किया।

केंद्र के जिला समन्वयक शैलेष गौतम ने जांच में सामने आए तथ्यों का खुलासा करते हुए बताया कि दिनांक 24 जून 2026 को सायं करीब 05:30 बजे तिलकपुर धाम हरचंद दास आश्रम में भागवत कथा चल रही थी। तभी वहाँ पर आरोपी राजेश गुर्जर अत्यधिक शराब के नशे में एक बिना नंबर की चोरी की मोटरसाइकिल को तेज आवाज व अत्यधिक गति में लाकर कथा के मुख्य गेट के पास खतरनाक स्टंट करने लगा, जिससे वहाँ बैठे श्रद्धालुओं को चोटें आईं। जब उपस्थित श्रद्धालुओं ने उसे रोकने व समझाने का प्रयास किया, तो वह अत्यंत उग्र होकर सरेआम जातिसूचक एवं लैंगिक अपशब्दों से अपमानित करने लगा और बीच सड़क पर गेट के पास ही गाड़ी को पटक कर चला गया। इसके तुरंत बाद वह अपने परिवार के अन्य नामजद आरोपियों—देवी सिंह, जगदीश, रोहिताश, कालू, राजेश गुर्जर, जोगेश, रवीता गुर्जर सहित चार अन्य महिलाओं को लेकर आया। यह उग्र भीड़ अपने हाथों में धारदार फरसी, लाठियां व डंडे लेकर आई थी, जिन्होंने आते ही वहाँ मौजूद निर्दोष श्रद्धालुओं पर जानलेवा हमला बोल दिया। अपराधियों ने कथा सुनाने आए श्रद्धालुओं को बेरहमी से पीटा तथा वहाँ लगे माइक, कथा स्थल, मुख्य मंच, केबल और बिजली के तारों को पूरी तरह तोड़ दिया। इस सुनियोजित सामूहिक हिंसा में महिलाओं, पुरुषों एवं बच्चों सहित करीब 15 लोगों को गंभीर प्रकृति की चोटें आईं। हमलावरों ने सरेआम जातिसूचक एवं लैंगिक शब्दों से सरेआम अपमानित करते हुए कहा कि चमार ढेढ़, तुम्हारी हिम्मत कैसे हो गई कथा करने की और पूरे समाज को जान से खत्म करने की धमकियां दी गईं।



जांच में यह बेहद गंभीर और विचलित करने वाला तथ्य सामने आया कि दलित पीड़ितों द्वारा दिनांक 24 जून 2026 को ही पुलिस थाना लक्ष्मणगढ़ में नामजद प्राथमिकी दर्ज करवा दिए जाने के बाद, आरोपियों ने विधिक दबाव बनाने के उद्देश्य से पीड़ितों के खिलाफ ही एक पूरी तरह झूठा प्रति-प्रकरण दर्ज करवा दिया। इसके बाद गुर्जर समुदाय के दबंग आरोपियों द्वारा दलित पीड़ितों को कानूनी पैरवी से रोकने के लिए उनका पूर्ण सामाजिक बहिष्कार कर दिया गया है। आरोपी बलधारी गुर्जर, रमसी गुर्जर, बच्चू गुर्जर, सरभो गुर्जर, धारा गुर्जर, सुंदर गुर्जर, केवल गुर्जर आदि ने मिलकर दलित बस्ती के सार्वजनिक रास्तों और खेतों में जाने वाली पगडंडियों को कांटेदार झाड़ियां व लकड़ियां लगाकर पूरी तरह अवरुद्ध कर दिया है। दबंगों द्वारा पीड़ितों के घरों के बिजली के तार काट दिए गए हैं और सार्वजनिक टंकी से पानी की आपूर्ति को भी बलपूर्वक बंद कर दिया गया है, जिससे इस भीषण गर्मी में पीड़ित परिवारों के सामने पेयजल और जीवन का गंभीर संकट खड़ा हो गया है। इसके साथ ही कथा खत्म होने के बाद दलित समुदाय पर दोबारा जानलेवा हमला करने और समूल नष्ट करने की धमकियां दी जा रही हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### नगर पालिका के सार्वजनिक शौचालयों पर ताला, स्वच्छ भारत मिशन के दावों पर उठे सवाल



**चमकता राजस्थान/रायसिंहनगर (जिला संवाददाता संजय बिश्नोई)।** केंद्र सरकार जहां एक ओर देशभर में स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए करोड़ों रुपये खर्च कर रही है, वहीं रायसिंहनगर में नगर पालिका की लापरवाही के चलते स्वच्छ भारत मिशन के उद्देश्यों पर सवाल खड़े होते नजर आ रहे हैं। शहर के मुख्य बाजार में बने महिला एवं पुरुषों के सार्वजनिक शौचालय केवल नगर पालिका के कार्यालय समय में ही खुले रहते हैं, जबकि कार्यालय बंद होते ही इन पर ताला लटका दिया जाता है। रविवार, सरकारी अवकाश और शाम के समय बाजार में लोगों की अच्छी-खासी भीड़ रहती है, लेकिन ऐसे समय में भी शौचालय बंद मिलने से आमजन को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मजबूरी में लोग खुले स्थानों और सड़क किनारे लघुशंका करने को विवश हो रहे हैं, जिससे शहर की स्वच्छता और सुंदरता प्रभावित हो रही है। स्थानीय व्यापारियों का कहना है कि दूर-दराज से आने वाले ग्राहकों को शौचालय बंद मिलने पर काफी असुविधा होती है। इससे बाजार का माहौल भी खराब होता है और नगर पालिका की कार्यप्रणाली के प्रति लोगों में नाराजगी बढ़ रही है।

### ग्राम पंचायत नसीराबाद में विकास या वित्तीय चमत्कार ?

- **एक लाख का ट्यूबवेल... भुगतान ढाई लाख! श्मशान भी नहीं बचा भ्रष्टाचार के खेल में।**

**चमकता राजस्थान/अभिषेक सिंह झाला। झालावाड़।** यह विकास है या सरकारी खजाने पर जादूगरी, जहाँ एक लाख का काम कागज़ों में ढाई लाख का बन जाए, वहाँ कैलकुलेटर भी माथा पकड़ लेता है। भ्रष्टाचार की मुख्य कढी है, भौतिक सत्यापन करने वाला कनिष्ठ अभियंता या सहायक अभियंता जो निर्माण स्थल पर जाकर गुणवत्ता का प्रमाण नहीं देता बल्कि घर बैठे बैठे ही कागज रंग देता है । घटिया निर्माण इसका प्रमाणित प्रमाण है।



जिले की ग्राम पंचायत नसीराबाद इन दिनों विकास कार्यों से कम और कथित वित्तीय अनियमितताओं के आरोपों से अधिक चर्चा में है। वैसे गांव वालो का तो लाखों रुपए का घोटाला करने का आरोप जिसकी पुष्टि भी हो रही है। जिसमें ग्रामीणो ने बताया। अधिकांश रुप से ट्यूब वेल मय मोटर के एक लाख रुपए में हो जाता है। कहीं कहीं तो और कम में कार्य होता आया है। सरपंच ने भ्रष्टाचार की सारी सीमाएं लांघते हुए एस सी के श्मशान घाट परिसर में ट्यूबवेल का भुगतान ढाई लाख रुपये तक पहुँच गया। यदि यह सही है, तो सवाल केवल रकम का नहीं, बल्कि उस व्यवस्था का है जहाँ कागज़ों पर विकास की रफ्तार ज़मीन से कहीं तेज़ दौड़ती दिखाई देती है।

### नेशनल डॉक्टर्स डे पर मेडिकल कैम्प 1 जुलाई को

**चमकता राजस्थान/जयपुर।** ग्लोबल हेल्थ एंड वेलफेयर सोसायटी द्वारा डॉक्टर्स डे पर मल्टीस्पेशियलिटी चिकित्सा शिविर टी एन मिश्रा मार्ग निर्माण नगर स्थित फ़टियोग सेंटर पर आयोजित किया जाएगा।

सोसाइटी के अध्यक्ष डॉ मुकेश गुप्ता ने बताया कि यह शिविर डॉक्टर्स डे सेलिब्रेशन का एक अनूठा प्रयास है जिसमें आम लोगों के स्वास्थ्य की निशुल्क जांच कर दवाईयां वितरित की जायेंगी। इस शिविर में ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर,ईसीजी,थाइरोइड,लिपिड प्रोफाइल,आंखों कीजाँच,फिजियोथेरेपी,एक्यूप्रेशर आदि के साथ ही जनरल मेडिसिन,स्त्री रोग विशेषज्ञ,हड्डी रोग विशेषज्ञ,बाल रोग विशेषज्ञ,होम्योपैथी एवम आयुर्वेद विशेषज्ञ आदि अपनी सेवाएं प्रदान करेंगे। इसी के साथ सभी डॉक्टर्स को राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस पर लेटर ऑफ़ ग्रैटिटूड देकर उनका सम्मान किया जाएगा।

# नौनिहालों ने गटकी जिंदगी की दो बूंद, जिले में पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ

चमकता राजस्थान

**धौलपुर रामदास तरुण।** राष्ट्रीय पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान के तहत रविवार को जिलेभर में पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो रोधी दवा पिलाने का अभियान शुरू हुआ। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. धर्मसिंह मीणा ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पचगांव में बच्चों को पोलियो रोधी दवा पिलाकर अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. धर्मसिंह मीणा ने कहा कि पोलियो जैसी गंभीर बीमारी से बच्चों की सुरक्षा के लिए प्रत्येक अभिभावक अपने पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की दो बूंद अवश्य पिलाएं। उन्होंने कहा कि कोई भी बच्चा पोलियो की खुराक से वंचित नहीं रहना चाहिए। सभी अभिभावक अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाते हुए अपने बच्चों को समय पर पोलियो की दवा अवश्य दिलाएं।जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शिव कुमार शर्मा ने बताया कि जिले में राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत जन्म से लेकर पांच वर्ष तक के 2 लाख 20 हजार 324 बच्चों को पोलियो रोधी खुराक पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अभियान के प्रथम चरण में रविवार को पोलियो की दवा पिलाई गई, जबकि इसके बाद विभाग की मोबाइल टीमें अगले दो दिनों तक घर-घर जाकर उन बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाएंगी, जो किसी कारणवश पहले दिन वंचित रह गए। उन्होंने बताया कि अभियान की प्रभावी मॉनिटरिंग जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा की जाएगी, ताकि प्रत्येक पात्र बच्चे तक पोलियो रोधी खुराक पहुंच सके और जिले को पोलियो मुक्त बनाए रखने के लक्ष्य को सफलतापूर्वक हासिल किया जा सके। इस अवसर पर पूर्व सरपंच अनुराग मुद्गल, उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. चेतराम मीणा, अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. गौरव मीणा, ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजीव शर्मा, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉ. मनोज कुमार, स्वास्थ्य पर्यवेक्षक, आशा सहयोगिनियां, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।




# 10 किलो 419 ग्राम 52 मिलीग्राम हेरोइन 1,61200 लाख रुपये नकद और स्विफ्ट कार सहित 3 तस्कर गिरफ्तार

चमकता राजस्थान

श्रीगंगानगर (जिला संवाददाता संजय बिश्नोई)। श्रीगंगानगर के जैतसर पुलिस ने जिले की सबसे बड़ी जिले मे पहली बार एसी कार्यवाही हुई हे मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत जैतसर थाना पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने अनूपगढ़-सूरतगढ़ मार्ग पर नाकाबंदी के दौरान करीब 10 किलो 419 ग्राम 52 मिलीग्राम हेरोइन 1,61200 लाख रुपये नकद एक सफेद रंग की स्विफ्ट कार बरामद करते हुए 3 आरोपियों इसमें एक महिला भी को गिरफ्तार किया है। बरामद हेरोइन की मात्रा को देखते हुए यह कार्रवाई क्षेत्र की बड़ी उपलब्धियों में गिनी जा रही है। पुलिस ने 3 आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट एवं भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है

जैतसर पुलिस को विश्वसनीय मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि पंजाब से राजस्थान की ओर एक स्विफ्ट कार में भारी मात्रा में हेरोइन की खेप लाई जा रही है। सूचना मिलते ही थानाधिकारी गोविंदराम के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया और अनूपगढ़-सूरतगढ़ मुख्य सड़क पर 6 जीबी क्षेत्र के निकट नाकाबंदी कर वाहनों की जांच शुरू की गई नाकाबंदी के दौरान पंजाब नंबर ढइ-37-ङ-1579 की एक संदिग्ध स्विफ्ट कार दिखाई दी। पुलिस टीम ने कार को रुकने का संकेत दिया, लेकिन चालक ने वाहन रोकने के बजाय तेज गति से कार भगाने का प्रयास किया। आरोपियों ने पुलिस की नाकाबंदी तोड़ने की कोशिश की तथा पुलिस वाहन को टक्कर मार दी, जिससे पुलिस की गाड़ी क्षतिग्रस्त हो गई। इसके बावजूद पुलिस टीम ने पीछा कर कार को घेर लिया और उसमें सवार दोनों व्यक्तियों को हिरासत में ले लिया पूछताछ में आरोपियों की पहचान धर्मेंद्र सिंह उर्फ बब्बू ओर जसविंदर सिंह उर्फ जस्सी के रूप में हुई पुलिस द्वारा कार की तलाशी लेने पर आगे की सीट के पास रखा एक पीठू बैग बरामद हुआ। बैग में 20 पैकेट मिले, जिनमें संदिग्ध मादक पदार्थ भरा हुआ था। जांच और वजन करने पर प्रत्येक पैकेट में हेरोइन पाई गई तथा कुल वजन 9 किलो 908 ग्राम निकला। पुलिस ने मौके पर ही नियमानुसार नमूने लेकर शेष माल को जब्त कर लिया।

### सुभाष चौधरी ने बॉयज अंडर 19 वर्ग में जीता सिल्वर मेडल



**चमकता राजस्थान/जयपुर।** छत्तीसगढ़ में आयोजित ईस्टर्न स्लैम स्क्वैश चैंपियनशिप में जयपुर के सुभाष चौधरी ने बॉयज अंडर 19 वर्ग में सिल्वर मेडल जीत राजस्थान का नाम रोशन किया ,कोच खांगा राम चौधरी ने बताया कि सुभाष नीरजा मोदी स्कूल 11 वी क्लास का विद्यार्थी है और प्री क्वार्टर में दिल्ली के शिव देव मित्तल को 11-3,11-3,11-7,से क्वार्टर फाइनल में छत्तीसगढ़ के अर्सलान शे×ख को 11-4,11-6,11-2, से सेमी फ़ाइनल में महाराष्ट्र के अर्जुन मौरे को 11-6,11-9,7-11,11-3, से और फ़ाइनल में दिल्ली के युशा नफीस 9-11,11-6,6-11, 5-11से हार का सामना करना पड़ा सिल्वर मेडल अपने नाम किया। टूर्नामेंट डायरेक्टर और छत्तीसगढ़ स्क्वैश रैकेट संगठन, के सचिव, श्री विष्णु श्रीवास्तव और श्री विक्रम सर, मनोज अग्रवाल ने सुभाष चौधरी को सिल्वर मेडल से सम्मानित किया।

### जयपुर के 300वें स्थापना वर्ष पर शहर का अनोखा नजरिया, उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने किया प्रदर्शनी का शुभारंभ




**चमकता राजस्थान/जयपुर।** उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने रविवार को जवाहर कला केंद्र में गौरागिनी आर्ट्स द्वारा आयोजित एक दिवसीय फोटोग्राफी प्रदर्शनी 'जयपुर हमारी नजर से' का शुभारंभ किया। प्रदर्शनी में मोबाइल कैमरे से खींची गई फोटो प्रदर्शित की गई, जिनमें जयपुर की विरासत, संस्कृति, ऐतिहासिक धरोहर और आधुनिक विकास को आकर्षक अंदाज में प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने बच्चों की फोटोग्राफी कौशल की सराहना करते हुए कहा कि इन तस्वीरों में जयपुर को जिस दृष्टि से प्रस्तुत किया गया है, वह बेहद प्रेरणादायक है। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी की नजर से शहर की सुंदरता और पहचान को देखना एक अलग अनुभव है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष जयपुर अपनी स्थापना के 300 वर्ष पूरे कर रहा है। यह उत्सव केवल सरकार का नहीं, बल्कि हर जयपुरवासी का होना चाहिए। ऐसे सांस्कृतिक और रचनात्मक आयोजन शहर की पहचान को और मजबूत बनाते हैं। सरकार विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से इस ऐतिहासिक अवसर को मना रही है, लेकिन आमजन की सक्रिय भागीदारी से ही यह उत्सव वास्तव में यादगार बनेगा। इस मौके पर भाजपा नेता रवि नैय्यर भी मौजूद रहे ।

# एकजुट हुआ कुम्हार समाज, संगठन की मजबूती और सामाजिक विकास पर हुआ व्यापक मंथन

चमकता राजस्थान

**चुरू /अशोक प्रजापति/ हनुमानगढ़।** रविवार को हनुमानगढ़ टाउन स्थित कुम्हार धर्मशाला में कुम्हार समाज की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में समाज के सम्मानित वरिष्ठजनों, युवाओं एवं मातृशक्ति ने बड़ी संख्या में भाग लेकर समाज की एकजुटता, संगठनात्मक मजबूती और सामाजिक विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता का परिचय दिया बैठक की अध्यक्षता श्री मनीराम कारगवाल ने की। इस दौरान समाज के विकास, संगठन को और अधिक सशक्त बनाने तथा आगामी सामाजिक गतिविधियों एवं जनहित के कार्यों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। उपस्थित सदस्यों ने शिक्षा को बढ़ावा देने, युवाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने, सामाजिक समरसता बनाए रखने तथा समाजहित में मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि समाज की प्रगति आपसी एकता, सहयोग और संगठन की मजबूती से ही संभव है। उन्होंने युवाओं से समाज के विकास कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया। सभी सदस्यों के सहयोग और सक्रिय सहभागिता से बैठक सौहार्दपूर्ण वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुई।बैठक में प्रमुख रूप से उपस्थित रहे रामलाल किरोड़ीवाल, सुरेंद्र मारवाल, पवन सिंहमार, वीरेंद्र कुमार वर्मा, सोहनलाल वर्मा, अंतराम कुचेरिया, रणजीत जी दुहरिया, मनोहर लाल गेदर, रामस्वरूप सिंहमार, श्रवण कुमार भाटिवाल, बलराम भाटिवाल, राधेश्याम टाक, महेंद्र सिंह सिरस्वा, गणेशा राम दादरवाल, ओमप्रकाश जलंधरा, नरेश नोखवाल, राजेश नोखवाल, राजेंद्र डाल, महावीर सिंहमार, महेंद्र सिंहमार, सुभाष ऊभा, सुभाष नोखवाल, राकेश कुमार घोड़ेला, शंकरलाल तेनगरिया, मदनलाल घोड़ेला, रामस्वरूप भाटिवाल, अजायब सिंह औलख, हरबंस सिंह औलख, हंसराज किरोड़ीवाल, अमर सिंह घोड़ेला, श्रवण कुमार बरावड़, महेंद्र सिगाठिया, हरदयाल माहर, प्रकाशचंद्र मारोठिया, रामस्वरूप मारोठिया, राजेंद्र एणिया, भादरराम हरकीया, दुलीचंद जगरवाल, रामेश्वरलाल एणिया, हजारीराम मंगलाव, रोहिताश छापोला, रतन कुमार, राजेंद्र सिंहमार, मोहनलाल सुडिया, कानाराम लिम्बा, लालचंद पालडिया, भावना धालीवाल, शिवपाल बरावड़, जयश्रीराम पाथड़िया, रामकुमार डाल, विकास सिंहमार, आरवी सिंहमार एवं नितेश सिंहमार सहित समाज के अनेक गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।



## संक्षिप्त समाचार

### श्रीगंगानगर में हरे पेड़ों की कटाई पर उठे सवाल, वन विभाग की कार्यशैली पर नाराजगी

**चमकता राजस्थान/रायसिंहनगर (जिला संवाददाता संजय बिश्नोई)।** जिले में हरे पेड़ों की लगातार हो रही कटाई को लेकर वन विभाग की कार्यप्रणाली एक बार फिर सवालों के घेरे में आ गई है। पर्यावरण प्रेमियों और ग्रामीणों का आरोप है कि नहरों के किनारे आए दिन सैकड़ों पेड़ काटे जाने की सूचनाएं मिल रही हैं, लेकिन संबंधित अधिकारियों द्वारा प्रभावी कार्रवाई नहीं की जा रही।

जानकारी के अनुसार, पेड़ों की कटाई की शिकायतें उच्च अधिकारियों तक पहुंचाई जा चुकी हैं तथा वन विभाग के टोल फ्री नंबर 1926 पर भी शिकायत दर्ज कराई गई है। इसके बावजूद धरातल पर कार्रवाई नजर नहीं आने से लोगों में रोष व्याप्त है।

ग्रामीणों का कहना है कि केंद्र और राज्य सरकार द्वारा ₹एक पेड़ मां के नाम₹ अभियान चलाकर अधिक से अधिक पौधरोपण के लिए लोगों को प्रेरित किया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर जिले में हरे पेड़ों की कटाई की घटनाएं इस अभियान की भावना को कमजोर कर रही हैं।

बताया जा रहा है कि हाल ही में एनएन नहर पर पेड़ों की कटाई की घटना सामने आई, लेकिन कार्रवाई के नाम पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। वहीं बीबी नहर क्षेत्र में भी पेड़ों की कटाई को लेकर सवाल उठ रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि जिस क्षेत्र में वन विभाग के कर्मचारियों की ड्यूटी लगी हुई है, वहां खुलेआम पेड़ काटे जा रहे हैं, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी और कर्मचारी कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पा रहे। पर्यावरण प्रेमियों ने मांग की है कि जिले में नहरों के किनारे हो रही पेड़ों की कटाई की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि पर्यावरण संरक्षण के सरकारी दावे धरातल पर भी दिखाई दें और आने वाली पीढ़ियों के लिए हरियाली बचाई जा सके।

### ममता भूपेश का जन्मदिन सेवा कार्यों के साथ मनाया, पौधारोपण, गौसेवा और मरीजों को बांटे फल



**चमकता राजस्थान/गोपाल सिलोरिया करावन झालावाड़।** प्रदेश कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग की प्रदेश अध्यक्ष ममता भूपेश का जन्मदिन रविवार को झालावाड़ में सेवा, पर्यावरण संरक्षण और जनकल्याण के कार्यों के साथ उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इसके बाद गौशाला में गायों को हरा चारा खिलाया तथा अस्पताल में भर्ती मरीजों को फल वितरित कर उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की।

कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि जन्मदिन को सामाजिक सरोकारों से जोड़कर मनाना समाज के लिए प्रेरणादायक पहल है। सभी ने ममता भूपेश के स्वस्थ, दीर्घायु एवं सफल राजनीतिक जीवन की शुभकामनाएं देते हुए समाजसेवा के कार्यों को निरंतर आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर जिला प्रभारी दिनेश, जिला अध्यक्ष हेमन्त बैरवा, जिला कांग्रेस प्रवक्ता ओम पाठक, एस सी विभाग प्रदेश सचिव शंकर लाल रैगर,छीतरलाल बेरवा विष्णुदयाल रेगर,गोपाल लाल मेघवाल, चेतन बैरवा,पूर्व पार्षद शिवराज रैगर ,राहुल गोयल, दिनेश सोयली, एडवोकेट विकास, विष्णु दांगी,प्रभुलाल बैरवा, जगदीश दहिया, घनशयाम मेरोठा, विजय सिंह, पूर्व पार्षद लाल चंद रैगर,सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन जनसेवा और पर्यावरण संरक्षण के संकल्प के साथ हुआ।

### कोलवा थाना पुलिस का अवैध खनन पर बड़ा प्रहार,बजरी से भरे दो ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त



**चमकता राजस्थान/रिवेन्द्र कुमार शर्मा/दौसा।** जिले में पुलिस थाना कोलवा ने अवैध खनन और बजरी परिवहन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए दो बजरी से भरे हुए ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त किए हैं। इस दौरान अवैध बजरी परिवहन कर रहे दोनों ट्रैक्टर चालकों को गिरफ्तार किया गया। यह कार्रवाई जयपुर रेंज के महानिरीक्षक राहुल प्रकाश और दौसा पुलिस अधीक्षक पीयूष दीक्षित के निर्देशन में एरिया डोमिनेशन अभियान के तहत की गई।

थानाधिकारी मनोहर लाल के नेतृत्व में पुलिस टीम ने 27 जून को गश्त के दौरान बिना नंबर के दो फर्ग्यूसन उक्र-241 ट्रैक्टरों को रोककर जांच की, जिनमें ट्रॉली में अवैध बजरी भरी हुई मिली। पुलिस ने दोनों वाहन जब्त कर आरोपियों रामगोपाल मीणा (28) निवासी रेहड़िया और देवराज जोगी (22) निवासी भावंता को गिरफ्तार किया। पुलिस ने एमएमडीआर एक्ट व बीएनएस की धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### मेहन्दीपुर बालाजी मंदिर में चैन स्नैचिंग गैंग पर पुलिस का बड़ा प्रहार, दो महिला आरोपी गिरफ्तार

**चमकता राजस्थान/रिवेन्द्र कुमार शर्मा/दौसा।** जिले के मेहन्दीपुर बालाजी मंदिर क्षेत्र से बड़ी खबर सामने आई है। राजस्थान पुलिस के पुलिस थाना मेहन्दीपुर बालाजी ने बड़ी कार्रवाई करते हुए मंदिर में श्रद्धालुओं की चैन काटकर चोरी करने वाली गैंग की दो महिला सदस्यों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से चैन काटने में इस्तेमाल होने वाले दो कैंची जैसे कटर भी बरामद किए गए हैं।

गिरफ्तार महिलाओं की पहचान गीता (26) पत्नी सन्नी और मछला देवी (28) पत्नी ओमी, निवासी बोरई, थाना कुम्हेर, जिला डीग के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार दोनों महिलाएं मंदिर परिसर की भीड़ का फायदा उठाकर श्रद्धालुओं की जेब तराशी और चैन स्नैचिंग की वारदातों को अंजाम देती थीं।

27 जून 2026 को सादा वेश में तैनात पुलिस टीम ने संदिग्ध गतिविधियों के आधार पर दोनों को डिटेन किया। पूछताछ में उन्होंने भीड़भाड़ वाले स्थानों पर चैन काटने की वारदातें कबूल कीं। मामले में अभियोग संख्या 117/2026 दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

पुलिस ने साफ किया कि मंदिर क्षेत्र में जेबतराशी और चैन स्नैचिंग के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति के तहत लगातार कार्रवाई जारी रहेगी।

# अखिल भारतीय रेगर महापंचायत संघ ने महाराष्ट्र प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया, गणपतराज चौरोटिया को मिली जिम्मेदारी

चमकता राजस्थान

**ब्यावर।** अखिल भारतीय रेगर महापंचायत संघ के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट घनश्याम फुलवारी ने संगठन का विस्तार करते हुए गणपतराज चौरोटिया को महाराष्ट्र प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है।

इस अवसर पर एडवोकेट घनश्याम फुलवारी ने कहा कि संगठन का उद्देश्य समाज की रीति-नीति एवं विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाना, समाज को राजनीतिक प्रतिनिधित्व दिलाना, शिक्षा को बढ़ावा देना, सामाजिक उत्थान करना तथा समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करना है। उन्होंने नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष को शीघ्र प्रदेश कार्यकारिणी का गठन कर संगठन को मजबूत बनाने के निर्देश भी दिए।



नियुक्ति के उपरांत एडवोकेट घनश्याम फुलवारी के कार्यालय में गणपतराज चौरोटिया का साफा एवं माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया गया तथा उन्हें नियुक्ति पत्र सौंपा गया।

गणपतराज चौरोटिया मूलतः ब्यावर के निवासी हैं और वर्तमान में व्यापार के सिलसिले में मुंबई में निवासरत हैं। उनकी नियुक्ति पर समाज में हर्ष का माहौल रहा। इसके उपलक्ष्य में छोटा बास स्थित श्री बालाजी मंदिर परिसर में समाजजनों द्वारा उनका भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर बाबूलाल पंवार, कामोदर प्रसाद मौर्य, बिरदीचंद खोरवाल, बंसीलाल सिंघाड़िया, जगदीश सुखधामी, मदनलाल फुलवारी, भगवान गोस्वामी, गणपत कुड़िया, किशोर बंसीवाल, महेश खोरवाल, राजू फुलवारी, गोपाल सिंह झारोटिया, राकेश राठौड़, जय हिंद दोलिया, लालचंद दोलिया, हरीश बंसीवाल सहित अनेक समाजबंधु उपस्थित रहे।

# पुलिस लाइन में एसडीआरएफ रेस्क्यू टीमों का आकस्मिक निरीक्षण

## आपदा राहत तैयारियों और सुरक्षा मानकों की परखी व्यवस्थाएं

चमकता राजस्थान

धौलपुर रामदास तरुण। धौलपुर पुलिस लाइन में रविवार को सहायक कमांडेंट एसडीआरएफ जयपुर गुलाबा राम ने सी कंपनी भरतपुर की रेस्क्यू टीम सी-3 एवं सी-4 का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने रेस्क्यू टीमों की उपस्थिति, अनुशासन, उपकरणों की उपलब्धता तथा आपदा राहत एवं बचाव कार्यों की तैयारियों का गहन जायजा लिया। सहायक कमांडेंट ने जवानों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक रेस्क्यू अभियान में व्यक्तिगत सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी जवान निर्धारित सुरक्षा मानकों एवं मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) की पूर्ण पालना सुनिश्चित करें, ताकि किसी भी आपदा या आपातकालीन स्थिति में प्रभावी एवं सुरक्षित ढंग से राहत एवं बचाव कार्य संपादित किए जा सकें।निरीक्षण के दौरान रेस्क्यू उपकरणों की कार्यक्षमता, टीमों की तत्परता तथा आपदा प्रबंधन संबंधी तैयारियों की भी समीक्षा की गई। उन्होंने जवानों को हर परिस्थिति में सतर्क रहकर अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने तथा टीम भावना के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के अंत में सहायक कमांडेंट गुलाबा राम ने जवानों का उत्साहवर्धन करते हुए अनुशासन, सतर्कता और जनसेवा की भावना के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि एसडीआरएफ की टीमों की त्वरित प्रतिक्रिया और दक्षता ही आपदा के समय जन-धन की सुरक्षा सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।



## शून्य से पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो रोधी खुराक पिलाकर अभियान का शुभारंभ किया

**चमकता राजस्थान/ब्यावर।** राष्ट्रीय पल्स पोलियो प्रतिरक्षण अभियान के अंतर्गत रविवार 28 जून 2026 को जिलेभर में शून्य से पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो रोधी खुराक पिलाकर अभियान का शुभारंभ किया गया। अभियान का जिला स्तरीय शुभारंभ राजकीय अमृतकौर चिकित्सालय, ब्यावर में स्थानीय विधायक शंकर सिंह रावत द्वारा बच्चों को पोलियो की दो बूंद पिलाकर किया गया।

इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ब्यावर डॉ. संजय गहलोत, प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. एस.एस. चौहान, अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. लोकेश कुमावत तथा जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. उदा राम सहित चिकित्सा विभाग के अधिकारी, चिकित्सक, कैलाश चन्द कनिष्ठ सहायक एवं स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक शंकर सिंह रावत ने कहा कि पोलियो जैसी गंभीर बीमारी से बच्चों को सुरक्षित रखने के लिए प्रत्येक अभिभावक की सहभागिता आवश्यक है। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की कि वे अपने 0 से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो की खुराक अवश्य पिलवाएं और अभियान को सफल बनाने में सहयोग करें।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय गहलोत ने बताया कि राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत जिले में व्यापक स्तर पर तैयारियां की गई हैं तथा सभी बूथों पर प्रशिक्षित स्वास्थ्य टीमों की तैनाती की गई है। उन्होंने कहा कि पोलियो मुक्त भारत की उपलब्धि को बनाए रखने के लिए प्रत्येक बच्चे तक पोलियो की खुराक पहुंचाना चिकित्सा विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. एस.एस. चौहान ने राजकीय अमृतकौर चिकित्सालय स्थित मुख्य बूथ का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा स्वास्थ्य एवं नर्सिंग कार्मिकों को गुणवत्तापूर्ण सेवाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## केंद्रीय विशिष्ट जेल श्यालावास में हार्डकोर कैदी की मौत, अस्पताल पहुंचने से पहले तोड़ा दम

**चमकता राजस्थान/रिवेन्द्र कुमार शर्मा/दौसा।** जिले की श्यालावास केंद्रीय विशिष्ट कारागार में शनिवार सुबह एक सजायाफ्ता हार्डकोर कैदी की तबीयत अचानक बिगड़ने से मौत हो गई। मृतक की पहचान अनवर हुसैन उर्फ अनवर अली (53) निवासी तलाई वाले गरड़ाना देवली माची, जिला कोटा के रूप में हुई है। घटना के बाद जेल प्रशासन में हड़कंप मच गया।

जेलर रामचन्द्र ने बताया कि अनवर हुसैन करीब चार महीने पहले बीकानेर जेल से ट्रांसफर होकर श्यालावास केंद्रीय विशिष्ट कारागार में लाया गया था। शनिवार सुबह अचानक उसकी तबीयत खराब हो गई। सूचना मिलते ही जेल में मौजूद चिकित्सक को बुलाया गया, जहां प्राथमिक उपचार दिया गया। हालत गंभीर होने पर उसे तत्काल जिला अस्पताल दौसा भेजा गया, लेकिन अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

जेल प्रशासन ने घटना की सूचना मृतक के परिजनों को दे दी। परिजनों के पहुंचने के बाद नियमानुसार शव का पोस्टमार्टम कराया गया और बाद में शव परिजनों को सौंप दिया गया।

अनवर हुसैन कोटा जिले का कुख्यात हार्डकोर अपराधी माना जाता था। वह हत्या (धारा 302) और आर्म्स एक्ट सहित कई मामलों में सजायाफ्ता था तथा आजीवन कारावास की सजा काट रहा था। फिलहाल मौत के कारणों का आधिकारिक खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा।

## बेटे के जन्मदिन पर भामाशाह चुन्नू सोनी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को कंप्यूटर सेट एवं फल किए भेंट

चमकता राजस्थान

**धौलपुर रामदास तरुण।** राजाखेड़ा उपखंड की खबर। मनियां स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में युवा व्यवसायी एवं भामाशाह बिजेंद्र सोनी उर्फ़ चुन्नू सोनी ने अपने पुत्र हर्ष के जन्मदिवस के अवसर पर मरीजों की सुविधा के लिए अस्पताल प्रशासन को एक कंप्यूटर सेट भेंट किया तथा भर्ती मरीजों को फल वितरित किए। यह सेवा कार्य राजाखेड़ा विधायक रोहित बोहरा की प्रेरणा से आयोजित किया गया। इस अवसर पर अस्पताल स्टाफ एवं उपस्थित लोगों ने इस पहल की सराहना की।कार्यक्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा अधिकारी डॉ. आर.के. यादव ने चुन्नू सोनी, हितेंद्र उर्फ छोटू सोनी एवं पुष्पेंद्र सोनी का साफा एवं माल्यार्पण कर स्वागत किया। डॉ. यादव ने कहा कि भामाशाह समाज की रीढ़ होते हैं और उनके सहयोग से मनियां सीएचसी को बेहतर सुविधाओं वाला अस्पताल बनाने की दिशा में लगातार कार्य किया जा रहा है। उन्होंने समाज के अन्य लोगों से भी ऐसे जनहित कार्यों में आगे आने का आ''ान किया। हितेंद्र उर्फ छोटू सोनी ने कहा कि उनका परिवार प्रत्येक वर्ष जन्मदिन जैसे अवसरों पर अनावश्यक खर्च करने के बजाय गरीब एवं जरूरतमंद लोगों की सहायता को प्राथमिकता देता है। उन्होंने सभी भामाशाहों से सामाजिक सरोकारों से जुड़े ऐसे कार्यों में सहयोग करने की अपील की। वहीं युवा नेता एवं भामाशाह चुन्नू सोनी ने कहा कि बे-टे के जन्मदिन पर अस्पताल को कंप्यूटर सेट भेंट कर एवं मरीजों को फल वितरित कर उन्हें आत्मिक संतोष और खुशी का अनुभव हुआ। इस अवसर पर डॉ. शोभित शर्मा, डॉ. पंकज त्यागी, कांग्रेस संगठन महामंत्री संतोष सिंघल, हरेंद्र सोनी, जय सोनी, नित्या सोनी, वान्या सोनी, प्रियांशु सोनी, आर्यन सोनी, शौर्य सोनी, आद्विक सोनी, वीकेश बघेल, डॉ. विनीत गर्ग, डॉ. मयंक मित्तल, रामअवतार कुशवाह, लक्ष्मण सिंह, हेमंत ठाकुर, यादव सिंह सहित अस्पताल का समस्त स्टाफ एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



# युवाओं के सपनों को मिली नई दिशा, ठाणे में भव्य करियर मार्गदर्शन मेले का सफल आयोजन

## शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) ठाणे जिला का सराहनीय उपक्रम; जिला प्रमुख केदार दिघे के नेतृत्व में विद्यार्थियों को मिला विशेषज्ञों का मार्गदर्शन

चमकता राजस्थान

**अरविंद कोठारी/ठाणे।** शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) ठाणे जिला और आनंद चैरिटेबल ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में ठाणे के ऐतिहासिक राम गणेश गडकरी रंगायतन में भव्य करियर मार्गदर्शन मेले का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों, अभिभावकों और युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पूर्व सांसद राजन विचारे के मार्गदर्शन में आयोजित इस मेले का उद्देश्य युवाओं को प्रतियोगी पर-ीक्षाओं, उच्च शिक्षा तथा विभिन्न करियर विकल्पों के बारे में सही दिशा और मार्गदर्शन प्रदान करना था। कार्यक्रम में 'चाणक्य मंडल परिवार' के संस्थापक अविनाश धर्माधिकारी ने मुख्य मार्गदर्शक के रूप में विद्यार्थियों और अभिभावकों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, करियर योजना, व्यक्तित्व विकास तथा सफल भविष्य के लिए आवश्यक कौशलों पर विस्तृत और प्रेरणादायक मार्गदर्शन दिया। उनके संबोधन से विद्यार्थियों में नया आत्मविश्वास और उत्साह देखने को मिला।



इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में युवासेना के महासचिव एवं विधायक वरुण सरदेसाई उपस्थित रहे। उन्होंने युवाओं से स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर मेहनत और दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ने का आ''ान किया। वहीं, शिवसेना संपर्क प्रमुख आदित्य शिरोडकर की विशेष उपस्थिति से कार्यक्रम की गरिमा और बढ़ गई।

शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) ठाणे जिला प्रमुख केदार दिघे के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम का विद्यार्थियों, अभिभावकों और नागरिकों ने स्वागत किया। आयोजन को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी स्वयंसेवकों, पदाधिकारियों तथा उपस्थित नागरिकों का आयोजकों ने आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर कहा गया कि ठाणे की युवा पीढ़ी को बेहतर करियर मार्गदर्शन उपलब्ध कराने और उनके उज्ज्वल भविष्य के निर्माण के उद्देश्य से भविष्य में भी ऐसे मार्गदर्शन कार्यक्रम लगातार आयोजित किए जाएंगे।

# भारतीय हॉकी टीम ने पाकिस्तान को 7-1 से हराया

## पिछड़ने के बाद लगातार 7 गोल दागे, सभी गोल अलग-अलग प्लेयर्स ने किए

**शिकस्त**

- मैच के तीसरे क्वार्टर में भारत ने दबदबा और बढ़ा दिया। 34वें मिनट में मिले पेनल्टी स्ट्रोक पर हार्दिक सिंह ने गोल किया।
- इसके तुरंत बाद पाकिस्तान के पेनल्टी कॉर्नर विफल होने पर हुए जवाबी हमले में जुगराज सिंह ने चौथा गोल दागा।



गोल से लिबेट करते भारतीय टीम के खिलाड़ी।

लंदन

भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने FIH प्रो लीग में अपने चिर-प्रतिद्वं द्वी पाकिस्तान को 7-1 से करारी शिकस्त दी। शुक्रवार रात को लंदन में भारतीय टीम एक समय 0-1 से पीछे चल रही थी। फिर उसने लगातार 7 गोल करके न केवल दमदार वापसी की, बल्कि पाकिस्तान को मैच से पूरी तरह बाहर कर दिया। टीम इंडिया की ओर से सुखजीत सिंह (20वें मिनट), हरमनप्रीत सिंह (26वें मिनट), हार्दिक सिंह (34वें मिनट में), जुगराज सिंह, अभिषेक (41वें मिनट), राजकुमार पाल (44वें मिनट) और दिलप्रीत सिंह (54वें मिनट ) ने एक-एक गोल दागे। पाकिस्तान से इकलौता गोल अबू महमूद (13वें मिनट) ने किया। अब भारतीय टीम लंदन चरण के अपने अंतिम मुकाबले में रविवार को इं ग्लैंड से भिड़ेगी।

### कप्तान हरमन के गोल से इंडिया आगे हुआ

हाफ टाइम से पहले भारतीय टीम ने पाकिस्तान पर 2-1 की बढ़त हासिल कर ली। मैच के 26वें मिनट में कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल स्कोर किया और भारतीय टीम को आगे कर दिया।



“पाकिस्तान ने 13वें मिनट में अबू महमूद के पेनल्टी कॉर्नर पर किए गए गोल से बढ़त बनाई। हालांकि, भारत ने जल्दी ही जवाब दिया। 20वें मिनट में सुखजीत सिंह ने हरमनप्रीत सिंह की पेनल्टी कॉर्नर पर आई गेंद को डिफ्लेक्ट कर स्कोर 1-1 कर दिया।



### अभिषेक ने रिवर्स हिट से फील्ड गोल दागा

41वें मिनट में अभिषेक ने शानदार रिवर्स हिट से भारत की बढ़त 5-1 कर दी। 44वें मिनट में लगातार मिले पेनल्टी कॉर्नर के बाद राजकुमार पाल ने रीबाउंड पर गोल किया। 54वें मिनट में दिलप्रीत सिंह ने मंदीप सिंह के पास पर गोल कर भारत की 7-1 की जीत तय कर दी।

## पुर्तगाल का मैच ड्रॉ, रोनाल्डो गोल नहीं कर सके



**फिलाडेल्फिया।** स्टार फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो की टीम पुर्तगाल ने फुटबॉल वर्ल्ड कप के नॉकआउट में प्रवेश कर लिया। मियामी स्टेडियम में रविवार को पुर्तगाल ने कोलंबिया के साथ गोल रहित ड्रॉ खेला। ग्रुप-के मैच में कोलंबिया ने इंजरी टाइम पर डेविनसन सांचेज ने हेडर के जरिए गोल दागा, लेकिन उनके ऑफ साइड होने पर रेफरी ने इसे अमान्य कर दिया। टीम ने पहली बार वर्ल्ड कप में गोल रहित ड्रॉ खेला है। मैच के पहले ही मिनट में लुइस डियाज के डिफ्लेक्टेड शॉट पर जॉन कॉर्डोबा का हेडर गोल पोस्ट के ऊपर से निकल गया। फिर कॉर्डोबा ने ब्रूनो फर्नांडीस को पछाड़ते हुए एक और मौका बनाया, लेकिन पुर्तगाल के गोलकीपर डियोगो कोस्टा ने शानदार बचाव किया। पुर्तगाल के गोलकीपर डियोगो कोस्टा ने छह बेहतरीन सेव करते हुए टीम को गोल खाने से बचाया। दोनों टीमों ने मिलकर गोल पर 36 प्रयास किए, लेकिन कोई भी गोल में तब्दील नहीं हो सका। डियागो कोस्टा को सुपीरियर प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

## इंग्लैंड ग्रुप एल के टॉप पर, क्रोएशिया-घाना भी नॉकआउट में

**ईस्ट रदरफोर्ड।** 1966 की वर्ल्ड चैंपियन इंग्लैंड ने ग्रुप एल के टॉप पर रहकर नॉकआउट में प्रवेश किया। जबकि, क्रोएशिया ने दूसरे स्थान पर रहकर नॉकआउट में जगह बनाई। घाना तीसरे स्थान पर रहकर भी इस राउंड में पहुंच गया। वहीं, पनामा लगातार तीनों मुकाबले हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गया। रविवार के पहले मुकाबले में इंग्लिश टीम ने पनामा को 2-0 से हराया। इस मैच में जूड बेलिंघम ने 62वें और कप्तान हैरी केन ने 67वें मिनट में गोल किए। केन (11वां गोल) वर्ल्ड कप में इंग्लैंड टॉप गोल स्कोरर बन गए हैं। ग्रुप के आखिरी लीग मैच में 2018 की रनरअप क्रोएशिया ने घना को 2-1 से हराया।

### कांगो पहली बार नॉकआउट में, उज्बेकिस्तान को 3-1 से हराया

52 साल बाद वर्ल्ड कप में लौटी कांगो डीआर ने उज्बेकिस्तान को 3-1 से हराकर पहली बार वर्ल्ड कप के नॉकआउट (राउंड ऑफ 32) में जगह बना ली। अटलांटा स्टेडियम में उज्बेकिस्तान के कप्तान एल्डोर शोमुरोदोव ने 10वें मिनट में गोलकीपर के ऊपर से लॉब शॉट खेलकर गोल किया और टीम को 1-0 की बढ़त दिलाई। दूसरे हाफ के 68वें मिनट में अब्दुकोदिर खुसानोव ने योआने विसा को पेनल्टी बॉक्स में गिरा दिया, जिस पर रेफरी ने पेनल्टी दी। विसा ने खुद पेनल्टी लेकर गोल स्कोर 1-1 किया। 78वें मिनट में मेशाक एलिया के शॉट पर डिफ्लेक्शन मिलने के बाद फिस्टन मायेले ने कांगो को 2-1 की बढ़त दिला दी। इंजरी टाइम में योआने विसा ने अपना दूसरा और टीम का तीसरा गोल दागकर 3-1 की जीत पक्की कर दी। कोलंबिया की टीम ग्रुप के टॉप पर रहकर नॉकआउट में पहुंची। जबकि पुर्तगाल ने दूसरे और कांगो डीआर ने तीसरे स्थान पर रहते हुए नॉकआउट राउंड में जगह बनाई है। कोलंबिया एक जुलाई को इंग्लैंड से खेलेगी। जबकि, पुर्तगाल का मुकाबला 3 जुलाई को क्रोएशिया से होगा।


## मेसी लगातार 7 वर्ल्डकप मैच में गोल करने वाले फुटबॉलर, अर्जेंटीना ने जॉर्डन को 3-1 से हराया



**डलास।** अर्जेंटीना के स्टार फुटबॉलर लियोनल मेसी लगातार 7 वर्ल्ड कप मैच में गोल करने वाले दुनिया के पहले फुटबॉलर बने हैं। वे रविवार को ग्रुप जे के मुकाबले में जॉर्डन के खिलाफ सब्स्टीट्यूट के रूप में उतरे और 80वें मिनट में फ्री किक पर गोल दागा। मेसी को 20 साल बाद अर्जेंटीना की स्टार्टिंग-11 में जगह नहीं मिली है। इससे पहले 30 जून 2006 को होस्ट जर्मनी के खिलाफ क्वार्टर फाइनल मैच में ऐसा हुआ था। मेसी के इस गोल की मदद से अर्जेंटीना ने डलास स्टेडियम में खेले गए मैच में जॉर्डन को 3-1 से हराया। इस जीत से अर्जेंटीना की टीम ग्रुप जे के टॉप पर रहकर नॉकआउट राउंड में पहुंची। टीम ने अपने लीग स्टेज में अपने तीनों मुकाबले जीते और 9 अंक हासिल किए। अल्जीरिया और ऑस्ट्रिया का मैच 3-3 की बराबरी पर रहा।

### फ्री-किक से भी बनाया खास रिकॉर्ड

यह मेसी के करियर का 72वां और अर्जेंटीना के लिए 12वां फ्री किक गोल था। वर्ल्ड कप में यह उनका दूसरा फ्री-किक गोल रहा। इसके साथ ही वे पेले, रिवेलिनो, तेओफिलो कुबिलास, बर्नार्ड जेंघिनी और डेविड बेकहम के बाद वर्ल्ड कप में दो फ्री-किक गोल करने वाले प्लेयर्स के क्लब में शामिल हो गए। मेसी के अब इस वर्ल्ड कप में छह गोल हो चुके हैं। वे गोल्डन बूट की रेस में सबसे आगे हैं। किलियन एमबाप्पे, विनीसियस जूनियर और एरलिंग हालैंड से दो गोल आगे हैं। इतना ही नहीं, मेसी ने वर्ल्ड कप करियर में 19वां गोल दागा है। उन्होंने मेंस वर्ल्ड कप इतिहास में सबसे ज्यादा गोल करने के रिकॉर्ड को और बेहतर किया।



### सेल्सो और मार्टिनेज ने भी गोल दागे


मेसी के अलावा जियोवानी लो सेल्सो ने 19वें मिनट में फ्री-किक पर गोल करके अर्जेंटीना को 1-0 की बढ़त दिलाई। फिर लाउतारो मार्टिनेज ने 31वें मिनट में पेनाल्टी को गोल में हाफ टाइम से पहले बढ़त को दोगुना कर दिया। दोनों खिलाड़ियों का यह विश्व कप में पहला गोल रहा। दूसरे हाफ की शुरुआत में मैदान पर आए मौसा अलतमारी ने 55वें मिनट में गोल कर जॉर्डन की वापसी की उम्मीद जगाई, लेकिन अर्जेंटीना ने मैच पर नियंत्रण बनाए रखा। पहली बार वर्ल्ड कप खेल रही जॉर्डन की टीम तीनों मुकाबले हारकर बाहर हो गई।



# धर्मेंद्र की यादों से सजा है हेमा मालिनी का 54 साल पुराना घर

## बेटी ऐशा ने दिखाया 'अद्वितीय' का एक-एक कोना

नई दिल्ली, एजेंसी



एक्ट्रेस से नेता बनीं हेमा मालिनी ने अपने मुंबई वाले घर के दरवाजे खोल दिए हैं और फैंस को उस घर की एक खास झलक दिखाई है, जिसे उन्होंने पांच दशकों से ज्यादा समय से प्यार से संवार कर रखा है। इस घर में उनके डांस रिहर्सल से लेकर, एक्सक्लूसिव वेजिटेरियन किचन और दिवंगत अभिनेता धर्मेंद्र के मेमोरियल तक की झलक दिखाई देती है। हेमा मालिनी का यह घर 54 साल पुराना है जिसका टूर उनकी बेटी ऐशा देओल ने हाल ही में कराया। 'कर्ली टेल्स' के साथ घर के टूर वाले एक हालिया वीडियो में, उनकी बेटी ईशा देओल ने घर के शानदार और क्रिएटीव इंटीरियर को दिखाया और बताया कि यह सब उनके पिता, सुपरस्टार धर्मेंद्र की पर्सनैलिटी की झलक कैसे दिखाता है।

ईशा देओल ने बताया कि उनका परिवार इस घर में 54 सालों से रह रहा है। उन्होंने इसे कला, संस्कृति और आध्यात्मिकता से गहराई से जुड़ा घर बताया। बेज और सुनहरे रंगों से सजाए गए इस घर में रहने के लिए बड़ी जगह, शानदार फर्नीचर और चुनिंदा कलाकृतियां हैं, जो हेमा मालिनी के भारतीय शास्त्रीय कलाओं के प्रति प्रेम को दर्शाती हैं। घर का एंट्री गेट ही आपको अच्छा अनुभव देता है यहां लगी मूर्तियां और कलाकृतियां शास्त्रीय नृत्य की मुद्राओं को दर्शाती हैं, जो नृत्य के साथ परिवार के जीवन भर के जुड़ाव का प्रतीक हैं। ईशा के अनुसार, परिवार इस जगह पर पूजा, हवन और मेडिटेशन सेशन करता है, जिससे यह जगह सांस्कृतिक और आध्यात्मिक केंद्र बन जाती है।

### केतन मर्डर केस पर बोलीं कंगना रनोट

नई दिल्ली। रियल एस्टेट कारोबारी केतन अग्रवाल मर्डर केस पर एक्ट्रेस और सांसद कंगना रनोट ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। कंगना ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक पोस्ट शेयर कर कहा कि बच्चों के गलत कामों के लिए उनके माता-पिता या परिवार को दोषी नहीं ठहराना चाहिए।

आजकल बच्चों के संस्कार सिर्फ घर से तय नहीं होते, बल्कि सोशल मीडिया, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) और उनके दोस्त उन्हें प्रभावित करते हैं। लोहागढ़ किले में हुए इस हाई-प्रोफाइल मर्डर केस में पुलिस ने केतन की मंगेतर सिया गोयल और उसके बॉयफ्रेंड को गिरफ्तार किया है।

कंगना रनोट ने अपने पोस्ट में लिखा कि माता-पिता को बच्चों के किए पर दोष देना सही नहीं है। आज के समय में बच्चे किसके साथ उठते-बैठते हैंऔर किससे प्रभावित हो रहे हैं, यह ज्यादा जरूरी है।

## कहा- साईं बाबा की तस्वीर के पास है मोदी जी की तस्वीर, मंदिर के लड्डू खिलाती है

# सुनील शेट्टी की नातिन करती है मोदी की पूजा

नई दिल्ली। सुनील शेट्टी ने हाल ही में बताया है कि उनकी 15 महीने की नातिन इवारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भक्त है। वो रोज उनकी तस्वीर देखती है और उन्हें गणेश मंदिर पर चढ़े लड्डू लाकर खिलाती है। सुनील शेट्टी ने हाल ही में टाइम्स नाऊ को दिए इंटरव्यू में कहा है, 'मैं नेहमेशा कहा है कि मैं नरेंद्र मोदी का बहुत बड़ा फैन हूं। मैं किसी पार्टी की बात नहीं कर रहा, मैं लीडर की बात कर रहा हूं, जो मुझमें जोश भरता है। मुझे जितना मेरे देश से प्यार है, उतना उस इंसान से प्यार है। उनमें कुछ तो बात है। आप मानोगे नहीं, मेरी पोती 15 महीने की है। उसकी नैनी ने एक बार एयरपोर्ट में उसे उनकी (मोदी जी की) तस्वीर दिखाई थी। आज वो हर रोज सुबह आती है, उसके पास एक साईं बाबा की बुक है, जिसमें मोदी जी की बड़ी सी फोटो है, वो उसे खोलती है, मोदी जी-मोदी जी बोलती है।' आगे उन्होंने कहा, 'वो रोज गणपति की मूर्ति के पास जाती है, वहां से लड्डू लेकर आती और उन्हें खिलाती है। न मैं नेकभी बोला, न नैनी ने कुछ बोला। नैनी ने सिर्फ उसे फोटो दिखाई थी।



सुनील शेट्टी की बेटी और एक्ट्रेस अथिया शेट्टी ने 23 जनवरी 2023 में क्रिकेटर के.एल.राहुल से शादी की थी। शादी के बाद मार्च 2025 में अथिया ने बेटी इवारा को जन्म दिया था। अथिया, बेटी के लिए नो फोटो पॉलिसी फॉलो करती हैं। उन्होंने आज तक बेटी की झलक नहीं दिखाई है।

### वेलकम टू द जंगल में नजर आए सुनील शेट्टी

सुनील शेट्टी की फिल्म वेलकम टू द जंगल 26 जून को सिनेमाघरों में रिलीज हुई है। फिल्म में अक्षय कुमार, रवीना टंडन, जैकलीन फर्नांडिस, दिशा पाटनी, परेश रावल, राजपाल यादव समेत कई कलाकार हैं। फिल्म ने पहले ही दिन भारत में 15 करोड़ रुपए का नेट बॉक्स ऑफिस ओपनिंग कलेक्शन किया है। वहीं फिल्म ने वर्ल्डवाइड 29 करोड़ की कमाई की है। इस फिल्म का क्लैश हॉलीवुड फिल्म सुपर गर्ल से हुआ है।

## कृति सेनन के साथ ब्रेकअप की अटकलें तेज हुईं, फैंस ने कबीर के रिश्ते पर सवाल उठाए

# दूसरी लड़की के साथ पार्टी करते दिखे कृति सेनन के रूमर्ड ब्वॉयफ्रेंड कबीर

**चर्चा**

नई दिल्ली, एजेंसी

काफी लंबे समय से सोशल मीडिया पर इस तरह की चर्चा है कि कृति सेनन (Kriti Sanon) बिजनेसमैन कबीर बहिया (Kabir Bahia) को डेट कर रही हैं। दोनों ने ऑफिशियल तौर पर इस मामले में कुछ नहीं बोला है लेकिन अक्सर इन्हें साथ में स्पॉट किया जाता है। कृति सेनन के बर्थडे के मौके पर साथ में दोनों वेकेशन पर थे। इसके अलावा कृति सेनन की छोटी बहन नुपुर की शादी में भी कबीर और कृति साथ दिखाई दिए। हालांकि अब हालात कुछ और ही नजर आ रहे हैं।




कई यूजर्स इस पर कमेंट कर रहे हैं। एक ने लिखा- 'क्या कृति को इसके बारे में पता है?' दूसरे ने कमेंट किया- 'मुझेकभी भी इससे अच्छी वाइब नहीं आई।' तीसरे ने कमेंट किया - 'हो सकता है वो कैसेनोवा हों?'

### कृति सेनन का हुआ ब्रेकअप?

रेडिट पर हाल ही में वायरल हो रही तस्वीरों में कबीर किसी और लड़की के साथ नजर आ रहे हैं। ऐसे में फैंस के मन में सवाल है कि क्या कबीर ने कृति सेनन के साथ ब्रेकअप कर लिया है? हालांकि ये तस्वीरें Reddit पर शेयर की गई पोस्ट की हैं जिसका असल में एक रील से स्क्रीनशॉट लिया गया है। यह रील 'आलिया मोहन' नाम के इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर की गई थी। इसे देखकर ऐसा लग रहा है कि कबीर अपने दोस्तों के साथ एक शादी की पार्टी में शामिल हुए थे।

**बता दें कि कृति और कबीर की डेटिंग की खबरों के बाद से ही इनके बीच उम्र के अंतर को लेकर हमेशा चर्चा रहती है। कबीर कृति से 9 साल छोटे हैं।**



# रणवीर सिंह के सपोर्ट में उतरे सुनील शेट्टी

नई दिल्ली। डॉन 3 विवाद में सुनील शेट्टी ने रणवीर सिंह का बचाव किया है। फिल्म छोड़ने की शिकायत के बाद उन्हें FWICE (फिल्म फेडरेशन ऑफ वेस्टर्न सिने एम्प्लॉय्ज) द्वारा बैन किया गया था। यानी विवाद खत्म होने तक फेडरेशन से जुड़ा कोई शख्स उनके साथ काम नहीं कर सकता था। इस पर सुनील शेट्टी का कहना है कि किसी के पास किसी एक्टर को बैन करने का अधिकार नहीं है। उनका कहना है कि रणवीर ने फिल्म इंडस्ट्री के रेवेन्यूं बड़ा योगदान दिया है। उन्हें ऐसे ही कोई बैन नहीं कर सकता। हाल ही में दिए इंटरव्यू में सुनील शेट्टी ने डॉन 3 विवाद पर कहा है, 'कोई भी किसी एक्टर को बैन नहीं कर सकता। कोई आर्ट को बैन नहीं कर सकता है। किसी के पास ये अधिकार नहीं। सुप्रीम कोर्ट इस मामले को एक सेकेंड में खारिज कर देगा। देखिए, दिक्कत ये है कि दोनों (फरहान और रणवीर) ही सेंसिबल हैं। फरहान भी एक बहुत सेंसिबल एक्टर, प्रोड्यूसर और डायरेक्टर हैं। और रणवीर भी। उसने अच्छा टाइम देखा है। मुझेलगता है कि अगर दोनों साथ बैठेंगे तो मामला सुलझ जाएगा।' जब उनसे पूछा गया कि क्या वो ये मामला सुलझा सकते हैं, तो जवाब में उन्होंने कहा, 'नहीं मैं इस मामले में दखल नहीं दूंगा, क्योंकि कई लोग पहले ही बात कर चुकेहैं।

## संक्षिप्त खबर

### दिल्ली स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय में करोड़ों का घोटाला, पूर्व डायरेक्टर जनरल समेत 3 गिरफ्तार



नई दिल्ली। दिल्ली सरकार की एंटी करप्शन ब्रांच (एसीबी) ने पूर्व डायरेक्टर जनरल ऑफ हेल्थ सर्विसेज डॉ. वत्सला अग्रवाल को करोड़ो रुपये के घोटाले के आरोप में गिरफ्तार किया है। एसीबी ने इस कथित घोटाले में नीरज चोपड़ा, डिप्टी कंट्रोलर ऑफ अकाउंट्स को भी गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी इसी मामले में कुछ दिन पहले गिरफ्तार हुए डॉ. विनोद कुमार रंगा की चार दिन की पुलिस रिमांड के दौरान हुई पूछताछ के बाद की गई है। दरअसल, यह घोटाला दवाइयों, सर्जिकल सामान और मेडिकल उपकरणों की खरीद में कथित वित्तीय अनियमितताओं से जुड़ा है। आरोप है कि सेंट्रल प्रोक्योरमेंट एजेंसी के माध्यम से कई सौ करोड़ रुपये की खरीद में गड़बड़ियां की गईं। सीपीए, डायरेक्टर जनरल ऑफ हेल्थ सर्विसेज के अधीन कार्य करती है। अउइ पूरे मामले में वित्तीय लेन-देन, खरीद प्रक्रिया और अधिकारियों की भूमिका की जांच कर रही है। जांच में सामने आया है कि पोर्टेबल एक्स-रे मशीनों, बेडशीट और लिनेन, सी-आर्म रेडियोलॉजिकल उपकरणों, एनेस्थीसिया वर्कस्टेशन, ओरल रिहाइड्रेशन सॉल्यूशन, दवाओं और शल्य चिकित्सा (सर्जिकल) सामग्री की खरीद के लिए निविदा प्रक्रिया में भारी हेरफेर की गई। कुछ चुनिंदा सप्लायर्स को नाजायज फायदा पहुंचाने के लिए टेंडर की शर्तें खास तौर पर उनके अनुकूल तैयार की गईं, जिससे वास्तविक और योग्य बोलीदाता रेस से बाहर हो गए और अत्यधिक बढ़ी हुई कीमतों पर सामान खरीदकर सैकड़ों करोड़ रुपये के सरकारी धन का दुरुपयोग किया गया। इस घोटाले की परतें खुलने के बाद प्रशासनिक स्तर पर भी कड़े कदम उठाए गए हैं। शिकायत के आधार पर एसीबी ने 2 जून को भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम और भारतीय न्याय संहिता की आपराधिक साजिश संबंधी धाराओं के तहत मामला दर्ज किया था। डॉ. वत्सला अग्रवाल को पहले 21 मई को डीजीएचएस पद से हटाकर प्रतीक्षा में रखा गया था, जिसके बाद उनका तबादला गुरु तेग बहादुर अस्पताल किया गया। बाद में, निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करने के लिए दिल्ली के उपराज्यपाल के निर्देश पर उन्हें निलंबित कर दिया गया। आंतरिक जांच में दवाओं की खरीद, भंडारण और प्रबंधन में गंभीर कमियां पाए जाने के बाद दिल्ली सरकार ने पांच फार्मासिस्ट और सीपीए के दो अधिकारियों को भी निलंबित कर दिया है।

### लंदन में बर्थडे पार्टी के बाद तेलंगाना के युवक की मौत



**नई दिल्ली।** तेलंगाना के एक छात्र ने लंदन में एक बर्थडे पार्टी के बाद फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वह यहां पढ़ाई करने के लिए 14 महीने पहले पहुंचा था। मृतक छात्र कामारेड्डी जिले का रहने वाला था। 25 वर्षीय एक छात्र की मौत के बाद उसके परिवार ने उसका शव स्वदेश लाने में सरकार से मदद मांगी है। कामारेड्डी जिले के तालमडला गांव में एस. श्रीनाथ रेड्डी के पिता मधुसूदन रेड्डी ने पत्रकारों को बताया कि उनका बेटा 14 महीने पहले लंदन गया था। उन्होंने कहा कि उन्हें इस बारे में कुछ भी जानकारी नहीं है कि उनके बेटे की मौत किन परिस्थितियों में हुई। उन्होंने केंद्र और राज्य सरकार से शव स्वदेश लाने की प्रक्रिया में तेजी लाने में मदद की अपील की। मधुसूदन रेड्डी ने कहा कि उनके बेटे ने 22 जून की रात परिवार के सदस्यों से बात की थी और बातचीत सामान्य थी। उनके अनुसार, श्रीनाथ रेड्डी ने कथित तौर पर 22 जून की रात एक जन्मदिन पार्टी में हिस्सा लिया था। परिवार के एक रिश्तेदार ने बताया कि श्रीनाथ रेड्डी के साथ रहने वाले छात्र (रूममेट) को 23 जून की सुबह वह मृत मिला। 'रूममेट' ने कहा कि श्रीनाथ रेड्डी ने कथित तौर पर फांसी लगा ली।

### हिमाचल : चंबा के चुराह में खाई में गिरी ऑल्टो कार, चार की दर्दनाक मौत



**चंबा।** हिमाचल प्रदेश के चंबा जिले के चुराह उपमंडल में मध्य रात्रि एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। नकरोड़-हिमगिरि डैम साइड सड़क पर एक ऑल्टो के10 कार अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरी। इस भीषण दुर्घटना में मौके पर ही चार लोगों की मौत हो गई, जिससे पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। एचपी44ए-0494 नंबर की यह कार बैरासियूल नदी में जा गिरी। दुर्घटना इतनी भयावह थी कि वाहन के परखच्चे उड़ गए और वह पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। कार में सवार लोगों के शव आसपास छिटक गए थे। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार वाहन में सवार सभी लोगों ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। मृतकों की सूची इस प्रकार है– शुकरदीन (52) पुत्र शक मोहम्मद, निवासी गांव करमुंड, डाकघर टिकरीगढ़, तहसील चुराह, जिला चंबा। सलमान (25) पुत्र ताज मोहम्मद, निवासी गांव करमुंड, डाकघर टिकरीगढ़, तहसील चुराह, जिला चंबा। ताशी उर्फ बिट्टू (41) पुत्र किशन चंद, निवासी गांव करमुंड, डाकघर टिकरीगढ़, तहसील चुराह, जिला चंबा। संजू (22) पुत्र खेम राज, निवासी गांव करमुंड, डाकघर टिकरीगढ़, तहसील चुराह, जिला चंबा। प्रशासन और पुलिस ने हादसे के बाद आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है। दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

### कैलाश मानसरोवर यात्रा के दौरान काठमांडू में फंसे 52 भारतीय, विदेश मंत्रालय ने जारी की एडवाइजरी



**नई दिल्ली।** निजी टूर ऑपरेटरों के जरिए कैलाश मानसरोवर की यात्रा पर जाने वाले भारतीय तीर्थयात्रियों के लिए विदेश मंत्रालय ने एक एडवाइजरी जारी की है। विदेश मंत्रालय ने श्रद्धालुओं को सलाह दी है कि वह वैध चीनी वीजा और आवश्यक प्रवेश परमिट जैसे सभी अनिवार्य दस्तावेज के बिना मानसरोवर की यात्रा पर ना जाएं। दरअसल, विदेश मंत्रालय द्वारा यह एडवाइजरी उन खबरों के बाद उठाया गया है, जिनमें वैध दस्तावेजों की कमी के कारण करीब 52 भारतीय तीर्थयात्रियों के नेपाल की राजधानी काठमांडू में फंसे होने की बात सामने आई है। विदेश मंत्रालय ने साफ किया है कि दस्तावेजों के बिना या आवश्यक दस्तावेज प्राप्त करने की उम्मीद में यात्रा शुरू करने से श्रद्धालुओं की परेशानी बढ़ सकती है। विदेश मंत्रालय ने तीर्थयात्रियों से यह भी आग्रह किया कि वे तीर्थयात्रा की बुकिंग करने से पहले प्रामाणिकता की जांच कर लें कि उनका टूर ऑपरेटर विधिवत पंजीकृत और अधिकृत है। बता दें कि कैलाश मानसरोवर की यात्रा कर रहे लगभग 52 भारतीय नागरिक वर्तमान में काठमांडू में फंसे हुए हैं और उन्हें अपनी यात्रा जारी रखने के लिए मदद का इंतजार कर रहे हैं। इसको लेकर राकांपा (एसपी) की सांसद सुप्रिया सुले ने विदेश मंत्रालय और भारतीय दूतावासों से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की। ताकि श्रद्धालु अपनी आगे की यात्रा को सुचारु रूप से जारी रख सकें। सुप्रिया सुले ने कहा, मैं डॉ. एस. जयशंकर, काठमांडू, नेपाल स्थित भारतीय दूतावास, बीजिंग, चीन स्थित भारतीय दूतावास और भारत के विदेश मंत्रालय से अनुरोध करती हूं कि वे कृपया इस मामले पर ध्यान दें और उनकी सुरक्षित आगे की यात्रा सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक सहायता प्रदान करें।

# सीजफायर तोड़ा तो दुनिया के नक्शे से मिट जाएगा

## ट्रंप ने दी ईरान को तबाह करने की चेतावनी

**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर ईरान पर हमला करने की धमकी दी है। उन्होंने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'ट्रुथ सोशल' पर ईरान को सीधे तौर पर तबाह करने की चेतावनी दी है। ट्रंप ने जानकारी दी कि अमेरिका के विमानों ने ईरान के मिसाइल और ड्रोन ठिकानों के साथ-साथ तटीय रडार साइटों पर हमला किया है। डोनाल्ड ट्रंप ने अपने पोस्ट में लिखा, अमेरिका के विमानों ने एक बार फिर सीजफायर समझौते का उल्लंघन करने के लिए ईरानी मिसाइल और ड्रोन भंडारण स्थानों और तटीय रडार साइटों पर हमला किया है, क्योंकि उन्होंने फिर से सीज़फायर समझौते का उल्लंघन किया है!... एक ऐसा समय आ सकता है जब हम अब और समझदारी दिखाने की स्थिति में नहीं होंगे और हमें सैन्य रूप से उस काम को पूरा करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा, जिसे हमने बहुत सफलतापूर्वक शुरू किया था। अगर ऐसा होता है, तो इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान का अस्तित्व ही खत्म हो जाएगा! बता दें कि मिडिल ईस्ट में महज दो हफ्ते पहले हुआ शांति समझौता पूरी तरह ध्वस्त हो गया है। स्ट्रेट ऑफ हॉर्मुज के पास एक तेल टैंकर पर ड्रोन हमले के बाद, अमेरिका ने लगातार दूसरे दिन ईरान पर भीषण सैन्य हमले किए हैं। इस सैन्य कार्रवाई के तुरंत बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को खुली चेतावनी दी है।

### क्यों भड़का अमेरिका?

अमेरिकी सेंट्रल कमांड के अनुसार, अमेरिका ने यह कार्रवाई ईरान द्वारा लगातार दूसरी बार सीजफायर तोड़ने के बाद की है। जिसके जवाब में अमेरिका ने एयरस्ट्राइक की। ट्रंप के सीधे आदेश पर अमेरिकी लड़ाकू विमानों ने ईरान के मिसाइल-ड्रोन स्टोरेज और तटीय रडार साइटों को दोबारा निशाना बनाया। वहीं, ईरान के सिरिक द्वीप और केश्म द्वीप के एक गांव में भारी विस्फोटों की आवाजें सुनी गई हैं। हमले के कुछ ही मिनटों बाद राष्ट्रपति ट्रंप ने 'ट्रुथ सोशल' पर ईरान को दुनिया के नक्शे से मिटाने की धमकी दे डाली।



# एएनए एवं आकलन द्वारा आयोजित ग्रीन पावर इंडिया 2026 कॉन्क्लेव का आयोजन

## 2047 तक जैव ईंधन के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनेगा भारत : जुएल ओराम




**नई दिल्ली।** इंडिया इंटरनेशनल सेंटर (आईआईसी), नई दिल्ली के मल्टीपर्पज़ हॉल में एएनए एवं आकलन द्वारा आयोजित ₹ग्रीन पावर इंडिया 2026 झ राष्ट्रीय कॉन्क्लेव₹ का सफल एवं गरिमामय आयोजन सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य हरित ऊर्जा, पर्यावरण संरक्षण, ऊर्जा सुरक्षा तथा विकसित भारतझ2047 के लक्ष्य को साकार करने हेतु नीति-निर्माताओं, विशेषज्ञों, उद्योग जगत, वैज्ञानिकों एवं सामाजिक संगठनों को एक साझा मंच प्रदान करना था।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारत सरकार के केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्री जुएल ओराम ने कहा कि भारत वर्ष 2047 तक जैव ईंधन एवं हरित ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने की दिशा में तेज़ी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि स्वच्छ ऊर्जा केवल पर्यावरण संरक्षण का विषय नहीं है, बल्कि ऊर्जा सुरक्षा, आर्थिक विकास, रोजगार सृजन और आत्मनिर्भर भारत की मजबूत नींव भी है। उन्होंने जनजातीय क्षेत्रों में उपलब्ध प्राकृतिक संसाधनों, स्थानीय ज्ञान और नवाचारों के बेहतर उपयोग पर बल देते हुए कहा कि जैव ईंधन भविष्य में भारत की ऊर्जा व्यवस्था का महत्वपूर्ण आधार बनेगा और ऊर्जा आयात पर निर्भरता लगातार कम होगी।विशिष्ट अतिथि भारत में पलाऊ गणराज्य के कॉन्सुल जनरल डॉ. नीरज ए. शर्मा ने कहा कि विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए स्वच्छ ऊर्जा को जनआंदोलन का स्वरूप देना होगा। उन्होंने कृषि अवशेषों से जैव ईंधन निर्माण को किसानों की आय बढ़ाने और पराली जलाने की समस्या के स्थायी समाधान का प्रभावी माध्यम बताया। मुख्य वक्ता गौतम मेहरा, निदेशक, प्रपतैराम सॉल्यूशंस एवं मेट-वाई द्वारा नियुक्त ई-वेस्ट मैनेजमेंट एक्सेलेरेटर, ने पर्यावरण संरक्षण, ई-वेस्ट प्रबंधन तथा हरित प्रौद्योगिकी को संस्थागत रूप से और अधिक मजबूत बनाने पर बल दिया। लोकसभा सचिवालय के पूर्व निदेशक शिव कुमार बिलग्रामी ने पर्यावरणीय चुनौतियों से निपटने के लिए समाज के प्रत्येक वर्ग की भागीदारी आवश्यक बताई, जबकि अबयोगाएसएमएस फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष योग गुरु मंगेश त्रिवेदी ने योग, स्वास्थ्य और स्वच्छ पर्यावरण को एक-दूसरे का पूरक बताया।कार्यक्रम के आयोजक एवं आकलन के प्रधान संपादक वी. राज बाबुल ने कहा कि विकसित भारत-2047 का लक्ष्य तभी साकार होगा, जब आर्थिक विकास के साथ पर्यावरण संरक्षण, ऊर्जा आत्मनिर्भरता और जनभागीदारी को समान महत्व दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि सह-प्रायोजक अनलिमिटेड ग्रीन्स द्वारा सभी अतिथियों को ग्रीन प्लांट्स भेंट कर कार्यक्रम की थीम को सार्थक रूप दिया गया। उन्होंने संस्था के चेयरमैन वाई.पी. सिंह एवं ओजस्वी जी का विशेष आभार व्यक्त किया।कॉन्क्लेव में ₹एड्वांसिंग सस्टेनेबल एनर्जी फॉर ए ग्रीनर इंडिया₹ विषय पर विशेषज्ञों ने सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा, जैव ईंधन, ई-वेस्ट प्रबंधन, ऊर्जा दक्षता, हरित प्रौद्योगिकी तथा पर्यावरण संरक्षण जैसे विषयों पर विस्तृत विचार-विमर्श किया। देशभर से आए विशेषज्ञों, उद्योग प्रतिनिधियों, शिक्षाविदों, मीडिया प्रतिनिधियों एवं युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए हरित एवं आत्मनिर्भर भारत के निर्माण का संकल्प दोहराया। कार्यक्रम के मुख्य प्रायोजक एनएचपीसी, एनटीपीसी, पीएफसीएल, एसजेवीएन एवं पॉवरग्रिड रहे, जबकि सह-प्रायोजकों में अनलिमिटेड ग्रीन्स, लोक काला परिषद, रविवार दिल्ली एवं लिटिगेशन फंडिंग शामिल रहे। मीडिया पार्टनर के रूप में नेक्स्ट 9 न्यूज़, इन-दीनॉन ग्रुप ऑफ़ पब्लिकेशन्स, हनुमान न्यूज़, आप की बात (डीडी नेशनल), आप की सेहत, पालिसी संवाद एवं मार्गोदय ने सहयोग किया।कार्यक्रम के अंत में आयोजक वी. राज बाबुल ने सभी मुख्य एवं सह-प्रायोजकों, मीडिया पार्टनर्स, अतिथियों, प्रतिभागियों एवं सहयोगी संस्थाओं का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी हरित ऊर्जा एवं पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने हेतु ऐसे राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम निरंतर आयोजित करने का संकल्प दोहराया।

## दूसरों पर नहीं, अपने गिरेबान में झांको

### कराची आतंकी हमले पर भारत का पाकिस्तान को करारा जवाब



**नई दिल्ली।** कराची में हुए आतंकी हमले को लेकर पाकिस्तान की ओर से भारत पर लगाए गए आरोपों पर भारत ने कड़ा जवाब दिया है। विदेश मंत्रालय के आधिकारिक प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शनिवार को स्पष्ट शब्दों में कहा कि पाकिस्तान के आरोप पूरी तरह निराधार हैं और भारत उन्हें सिरे से खारिज करता है। उन्होंने कहा कि दूसरों पर उंगली उठाने के बजाय पाकिस्तान को अपने भीतर झांकने और अपनी जमीन पर सक्रिय आतंकी ढांचे के खिलाफ विश्वसनीय कार्रवाई करनी चाहिए। मीडिया के सवालों के जवाब में रणधीर जायसवाल ने कहा कि भारत ने कराची की हालिया घटना को लेकर पाकिस्तान की मीडिया रिपोर्ट्स देखी हैं, जिनमें भारत पर आरोप लगाए गए हैं। उन्होंने कहा कि भारत इन सभी आरोपों को स्पष्ट रूप से खारिज करता है और इनका कोई आधार नहीं है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि पाकिस्तान को दूसरे देशों पर आरोप लगाने के बजाय अपनी धरती पर मौजूद आतंकवादी ढांचे के खिलाफ ठोस और विश्वसनीय कार्रवाई करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान को राज्य की नीति के एक साधन के रूप में आतंकवाद पर निर्भर रहने की अपनी प्रवृत्ति से भी बाहर निकलना होगा। रणधीर जायसवाल के बयान के साथ भारत ने एक बार फिर आतंकवाद के मुद्दे पर अपना रुख दोहराया है। विदेश मंत्रालय ने साफ किया कि भारत बेबुनियाद आरोपों को स्वीकार नहीं करता और पाकिस्तान को अपनी जिम्मेदारियों पर ध्यान देने की जरूरत है। पाकिस्तान के कराची में पाकिस्तान रेंजर्स (सिंध) के गुलिस्तान-ए-जौहर कैंप पर हुए आतंकी हमले में तीन सुरक्षाकर्मी मारे गए हैं, जबकि तीन हथियारबंद हमलावरों की भी जान गई है और एक घायल हमलावर को गिरफ्तार कर लिया गया है। इस हमले को लेकर भारत को दोषी ठहराने वाली कई खबरें पाकिस्तान से आ रही थीं। इसी पर भारत के विदेश मंत्रालय ने प्रतिक्रिया देते हुए इस दावे को पूरी तरह खारिज कर दिया है। वहीं इस बीच, पाकिस्तानी सेना की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने रविवार को जारी बयान में दावा किया कि हमला जमात-उल-अहरार से जुड़े आतंकियों ने किया था। आईएसपीआर के अनुसार, हथियारबंदों ने पहले कैंप के मुख्य द्वार पर विस्फोट किया और फिर परिसर में घुसने की कोशिश की। हालांकि, रेंजर्स के जवानों ने मुस्तैदी से जवाबी कार्रवाई करते हुए उनके मंसूबों को नाकाम कर दिया। जमात-उल-अहरार, प्रतिबंधित संगठन तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) से अलग हुआ गुट है।

# पीएम मोदी के ग्रीन विजन को सर्वोच्च सम्मान

## सेशेल्स ने 'गार्जियन ऑफ द ब्लू हॉरिजन' से नवाजा



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री मोदी को सेशेल्स ने पर्यावरण संरक्षण में उनके नेतृत्व हेतु 'गार्जियन ऑफ द ब्लू होराइजन' सम्मान से नवाजा. यह उनकी 'ग्रीन विजन' व टिकाऊ विकास के प्रयासों की वैश्विक पहचान है. पीएम मोदी ने कहा कि ये सम्मान मिलना मेरे और भारत के 1.4 अरब लोगों के लिए बहुत गर्व और खुशी की बात है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पर्यावरण संरक्षण और टिकाऊ विकास के क्षेत्र में नेतृत्व के लिए सेशेल्स के सर्वोच्च सम्मान 'गार्जियन ऑफ द ब्लू होराइजन' से सम्मानित किया गया है. ये सम्मान टिकाऊ विकास के लिए पीएम मोदी के लंबे समय से जारी प्रयासों और उनकी 'ग्रीन विजन' को मान्यता देता है. जलवायु परिवर्तन से निपटने, टिकाऊ विकास और ग्रीन ग्रोथ पर पीएम मोदी के काम को सराहने वाले वैश्विक सम्मानों की कड़ी में ये एक और सम्मान है. इससे ठीक पहले, मई 2026 में खाद्य और कृषि संगठन ने उन्हें खाद्य सुरक्षा को मजबूत करने, कृषि में बदलाव लाने और टिकाऊ खेती को बढ़ावा देने के लिए 'एग्रीकोला मेडल' से सम्मानित किया था. इससे पहले, 2018 में उन्हें टिकाऊ आर्थिक विकास, वैश्विक सहयोग और समावेशी विकास को आगे बढ़ाने के लिए 'सियोल शांति पुरस्कार' मिला था. 2018 में ही संयुक्त राष्ट्र ने उन्हें प्रतिष्ठित 'चैंपियंस ऑफ द अर्थ' पुरस्कार से सम्मानित किया था. सेशेल्स के राष्ट्रपति डॉ. पैट्रिक हर्मिनी के साथ प्रेस स्टेटमेंट के दौरान, पीएम मोदी ने कहा, गार्जियन ऑफ़ द ब्लू होराइजन' का सम्मान मिलना मेरे और भारत के 1.4 अरब लोगों के लिए बहुत गर्व और खुशी की बात है. मैं विनम्रतापूर्वक इस सम्मान को स्वीकार करता हूं और इसे उन सभी देशों को समर्पित करता हूं जो जलवायु परिवर्तन की चुनौती से जूझ रहे हैं. पीएम मोदी ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण को आने वाली पीढ़ियों के प्रति अपनी जिम्मेदारी मानते हैं. पीएम मोदी ने कहा कि मेरी ये यात्रा एक ऐतिहासिक मौके पर हो रही है, क्योंकि सेशेल्स अपनी आजादी के 50 साल पूरे कर रहा है. हम भारत और सेशेल्स के बीच राजनयिक संबंधों की 50वीं वर्षगांठ मना रहे हैं. इन 50 सालों में, हमने दोस्ती को भरोसे में, भरोसे को सहयोग में और सहयोग को जन-कल्याण में बदला है. हिंद महासागर ने सदियों से भारत और सेशेल्स के रिश्तों को संवारा है. इसकी लहरों ने लगातार हमारे बीच व्यापार, संस्कृति और मानवीय संबंधों को बढ़ावा दिया है।

## सउदी अरब में क्रैश हुआ हेलिकॉप्टर, 14 लोगों की मौत, जांच जारी



**नई दिल्ली।** सऊदी अरब के रास तनुरा में रविवार को सऊदी अरामको का एक हेलिकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस हादसे में कम से कम 14 लोगों की मौत हो गई। हेलिकॉप्टर किन हालात में दुर्घटनाग्रस्त हुआ, यह अभी तक स्पष्ट नहीं है। अधिकारियों ने अभी तक पीड़ितों या घटना के बारे में कोई जानकारी जारी नहीं दी है। यह हेलिकॉप्टर सऊदी अरब की बड़ी ऊर्जा कंपनी सऊदी अरामको का था। सऊदी अधिकारियों ने पुष्टि की है कि सभी 14 पीड़ित सऊदी के नागरिक थे। अधिकारियों ने अभी तक उड़ान या विमान के क्रैश होने की वजह के बारे में और जानकारी नहीं दी है। यह पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी गई है कि दुर्घटना किस वजह से हुई। अधिकारियों का कहना है कि अभी सही वजह बताना जल्दबाजी होगी और जांच आगे बढ़ने पर और जानकारी मिलने की उम्मीद है। सऊदी ऊर्जा मंत्रालय ने जान-माल के नुकसान पर दुख जताया और मारे गए लोगों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि उसने पीड़ितों की आत्मा की शांति और उनकी गलतियों की माफी के लिए प्रार्थना की और उनके परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की।

# नितिन गडकरी-शिवराज सिंह चौहान की तरह देवेंद्र फडणवीस को प्रधानमंत्री की रेस से हटाने की साजिश: उद्धव ठाकरे



**मुंबई।**

ऑपरेशन टाईगर के संदर्भ में उद्धव ठाकरे ने रविवार को मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस पर जोरदार हमला बोला। उद्धव ने कहा कि हमारे सांसदों को खरीदकर शिंदे के साथ भेजने के पीछे बड़ी साजिश है। यह ऑपरेशन टाईगर नहीं बल्कि ऑपरेशन देवेंद्र फडणवीस है। उन्होंने कहा कि बीजेपी में प्रधानमंत्री की रेस में जो भी नेता या मुख्यमंत्री आगे बढ़ता है उसका पर काट दिया जाता है। नितिन गडकरी से लेकर शिवराज सिंह चौहान के पर जिस तरह काटे गए उसी तरह की साजिश देवेंद्र फडणवीस के साथ हो रही है। बीजेपी में उनके बॉस यह कर रहे हैं कि जो भी प्रधानमंत्री पद की दौड़ में आ सके, समय रहते उनके पंख काट दो। इसी तरह देवेंद्र फडणवीस के पंख कतरने के तरीके शुरू हो गए हैं। बगावत कर एकनाथ शिंदे के साथ गए छह सांसदों में से दो सांसदों के क्षेत्र परभणी और हिंगोली में उद्धव ठाकरे ने रविवार को जनसभा की। परभणी के सांसद संजय जाधव और हिंगोली के सांसद नागेश अष्टीकर हैं। उद्धव ने कहा कि परभणी और हिंगोली का इतिहास रहा है कि शिवसेना जिसे भी उम्मीदवार बनाती थी, जनता हमेशा उसे ही चुनती थी। पिछली बार चुन गए सांसद मोदी लहर की वजह से नहीं, बल्कि बालासाहेब की फोटो और मशाल चुनाव चिन्ह पर भरोसा करके चुने गए थे। इस दौरान बागी सांसदों के साथ बीजेपी उनके निशाने पर रही। उद्धव ठाकरे ने कहा कि फडणवीस प्लेन में हताश लग रहे थे। एक ऐसा आदमी जिसने अपना कॉन्फिडेंस पूरी तरह खो दिया है। क्योंकि उन्हें पता है कि उनके पंख काटे जा रहे हैं और जो काट रहे हैं वे उनके अपने मालिक हैं, उसे क्या करना चाहिए? उसे किससे इंसाफ मांगना चाहिए? नितिन गडकरी के पंख काटे गए, इसलिए काटे गए ताकि उसके सारे इरादे में इथेनॉल का पानी मिला दिया जाए। उन्होंने सब कुछ कमज़ोर कर दिया। क्योंकि पंख काटे गए थे। उद्धव ठाकरे ने कहा कि जिन लोगों को जनता की सेवा करना नहीं है वे गद्दारी करते हैं। हमारा हिंदुत्व राष्ट्रवाद है। लेकिन जो भी इस देश को अपना मानता है, चाहे वह मुसलमान ही क्यों न हो, वह हमारा हिंदुत्व है। हमारा हिंदुत्व है दिल में राम, हाथों में काम और किसान को उसकी खेती की उपज का दाम मिले, यही हमारा हिंदुत्व है। आप मंदिर नहीं बनाना चाहते थे, आप राम के नाम पर दुकान खोलकर लूटना चाहते थे। अब नई बीजेपी राम मंदिर को लूटने वाली बीजेपी है। उद्धव ठाकरे ने हमला करते हुए कहा कि बीजेपी अब 'बाबर जनता पार्टी' बाबर की औलाद है।

# फ्रांस में हुई विमान दुर्घटना में 11 लोगों की मौत



**नई दिल्ली।** फ्रांस के पूर्वी भाग में रविवार को एक विमान हादसा हो गया। इस दुर्घटना में करीब 11 लोगों की मौत हो गई। दुर्घटना की खबर मिलते ही फायर ब्रिगेड, पुलिस और मेडिकल इमरजेंसी की टीमें घटनास्थल पर पहुंचीं और रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। लोकल मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस विमान में स्काईडाइविंग के लिए जा रहे लोगों का एक ग्रुप सवार था। दुर्घटना के बाद विमान में धमाका होने का भी खतरा था, जिसके मद्देनजर पूरे इलाके को सुरक्षा के घेरे में ले लिया गया था। फिलहाल, विमान हादसे का कारण साफ नहीं हो सका है। अफसरों ने मामले की पड़ताल शुरू कर दी है। पुलिस और इमरजेंसी मेडिकल सर्विस के अधिकारी जल्द ही इस विमान हादसे को लेकर डिटेल शेयर कर सकते हैं। प्रशासन के अनुसार, दुर्घटना के कारणों को मालूम करने के लिए जांच एजेंसियां पड़ताल कर रही हैं।

# नशा मुक्त भारत अभियान: विकसित भारत की पहचान

चमकता राजस्थान

**अविनाश शर्मा/जयपुर।** अंतर्राष्ट्रीय मादक पदार्थ निषेध और तस्करी रोकथाम दिवस के अवसर पर उत्तर पश्चिम रेलवे के केंद्रीय चिकित्सालय, जयपुर ने समाज को व्यसन-मुक्त बनाने के लिए एक ऐतिहासिक हुंकार भर-ी। चिकित्सालय परिसर में 'नशा मुक्त भारत अभियान' के तहत एक वृहद जागरूकता कार्यक्रम और रैली का आयोजन किया गया। '3एम मुक्ति मिशन' नाम की इस दूरदर्शी मुहिम का मुख्य उद्देश्य रेलवे कर्मचारियों, उनके परिजनों और आम जनमानस को नशे के घातक दुष्प्रभावों के प्रति सचेत कर एक स्वस्थ व सशक्त समाज का निर्माण करना है।

कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ करते हुए केंद्रीय चिकित्सालय के चिकित्सा निदेशक डॉ. ए. वासुदेवन ने कहा, ₹नशा मुक्त भारत अभियान केवल एक स्वास्थ्य कार्यक्रम नहीं है, बल्कि यह हमारे पूरे रेलवे परिवार को सुरक्षित, समृद्ध और स्वस्थ बनाने का एक सामूहिक संकल्प है।



### ● प्रथम स्तम्भ – मान: आत्म-चिंतन, आत्म-जागरूकता एवं आत्मसम्मान

डॉ. मटोरिया ने बताया कि 'मान' इस मिशन का प्रवेश द्वार है। इसमें व्यक्ति एकांत में बैठकर तीन निर्णायक प्रश्न खुद से पूछता है – क्या मैं सच में नशा छोड़ना चाहता हूँ? मैं नशा क्यों छोड़ना चाहता हूँ? और क्या मैं नशा छोड़ सकता हूँ? इन प्रश्नों के उत्तर खोजते हुए व्यक्ति अपनी स्व-इच्छा, ठोस वजह और आत्मशक्ति को पहचानता है। पुराने ट्रिगर्स की पहचान रिलैप्स प्रिवेंशन का सबसे मजबूत सुरक्षा कवच बनती है।

आत्म-जागरूकता के अंतर्गत व्यक्ति तीन स्तरों पर तैयारी करता है। मानसिक तैयारी में वह क्रेविंग के वक्त मन को डायवर्ट करने की रणनीति बनाता है और परिवार का सहयोग लेता है। व्यावहारिक तैयारी में वह नशे के ठिकानों और रास्तों से पूरी तरह दूरी बनाता है और पार्क, जिम, योग केंद्र जैसी सकारात्मक जगहें अपनाता है। सामुदायिक तैयारी में वह पुरानी नकारात्मक संगति छोड़कर 'ना' कहने की कला सीखता है और नशा-मुक्त मित्र मंडली का साथ लेता है। जब व्यक्ति इन सब चरणों से गुजरता है तब उसके भीतर यह अटूट विश्वास जागता है – ₹मुझमें बदलने की पूरी क्षमता है और मैं एक गरिमापूर्ण जीवन जीने का हकदार हूँ।₹ यही आत्मसम्मान उसे आगामी उपचार के लिए फौलाद की तरह मजबूत बनाता है।

### ● '3एम मुक्ति मिशन' बना चेतना का नया आधार

इस अवसर पर अपर मुख्य स्वास्थ्य निदेशक एवं राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम (उत्तर पश्चिम रेलवे) के नोडल अधिकारी डॉ. राम मटोरिया ने विशेष व्याख्यान दिया। उन्होंने अपने द्वारा परिकल्पित '3एम मुक्ति मिशन' – मान, मन और मुक्ति – का खाका देश के सामने रखा। डॉ. मटोरिया ने वैज्ञानिक दृष्टिकोण साझा करते हुए कहा, ₹नशा कोई नैतिक कमजोरी या चरित्र दोष नहीं है, बल्कि यह सीधे तौर पर मस्तिष्क का एक जटिल रोग है। सही चिकित्सा, उचित परामर्श और सामाजिक-पारिवारिक सहयोग से इस पर पूरी तरह विजय पाई जा सकती है।₹

### ● द्वितीय स्तम्भ – मन: नशे का उपचार एवं मन की हीलिंग

डॉ. मटोरिया ने बताया कि 'मन' स्तंभ के अंतर्गत नशे के उपचार की वैज्ञानिक कड़ियाँ जुड़ती हैं। मनोरोग विशेषज्ञ की सही दवाइयाँ मस्तिष्क में न्यूरोट्रांसमीटर का संतुलन ठीक करती हैं। कॉग्निटिव बिहेवियरल थेरेपी एवं मोटिवेशन एनहांसमेंट थेरेपी नकारात्मक सोच बदलने में सहायक हैं। गहरी साँस और ध्यान मस्तिष्क में तनाव हार्मोन कोर्टिसोल को कम करते हैं। नियमित व्यायाम से एंडोर्फिन और डोपामाइन जैसे 'फील-गुड' हार्मोन रिलीज होते हैं जो मन को प्रसन्न रखते हैं। संगीत, कला या किसी हॉबी में मन लगाना नकारात्मक ऊर्जा को सकारात्मक दिशा में मोड़ने का सबसे बेहतरीन तरीका है।

### ● तृतीय स्तंभ – मुक्ति: स्वतंत्रता, निरंतरता एवं पुनरावृत्ति से बचाव

'मुक्ति' इस मिशन का सर्वोच्च और स्थायी चरण है। इसमें व्यक्ति, थेरेपिस्ट और समाज मिलकर समय-समय पर प्रगति की समीक्षा करते हैं। हर छोटे-बड़े प्रयास की खुलकर सराहना व्यक्ति के आत्मसम्मान को और मजबूत करती है। यदि किसी कमजोर पल में कोई 'स्लिप' हो जाए, तो मिशन का सिद्धांत उसे अपराधी की नजर से देखने की सख्त मनाही करता है। उसे आत्म-सहानुभूति के साथ दोबारा संभाला जाता है और सिखाया जाता है कि एक बार की चूक उसकी अंतिम हार नहीं है।

## संक्षिप्त समाचार

### घेनड़ी उपस्वास्थ्य केंद्र पर बच्चो को पिलाई पोलियो की ₹दो बूंद जिंदगीर₹ की खुराक

● **रायपुरिया आंगनवाड़ी केंद्र पर पिलाई दो बूंद जिंदगी की**






**चमकता राजस्थान/घेनड़ी (विकास शर्मा)।** राष्टीय प्लस पोलियो दिवस पर घेनड़ी उप स्वास्थ्य केंद्र पर 0 से 5 वर्ष तक के पिचासी बच्चो को उप स्वास्थ्य केंद्र पर पिलाई पोलियो की ₹दो बूंद जिंदगी की₹ खुराक। वही इस दौरान टीमों ने घर-घर जाकर भी उन बच्चों को पोलियो की खुराक दी जो बूथ तक नहीं पहुंच सके। इस मौके पर संतोष सांखला ने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने 0 से 5 वर्ष तक के प्रत्येक बच्चे को पोलियो की खुराक अवशय पिलाएं, क्योंकि ₹दो बूंद जिंदगी की₹ हर बच्चे को पोलियो जैसी गंभीर बीमारी से सुरक्षित रखने का सबसे प्रभावी उपाय है। इस मौके पर एएनएम संतोष सांखला ,आशा सहयोगिनी जशोदा उपस्थित रहे। वार्डपंच व स्वयंसेवक मानाराम मेगवाल,स्वयंसेवी भाविका ने घर अगर जाकर बच्चो को पोलियो की खुराक पिलाई।

रायपुरिया आंगनवाड़ी केंद्र पर भी बच्चो को प्लस पोलियो दिवस पर बच्चो को पोलियो की खुराक पिलाई गई। पल्स पोलियों कार्यक्रम की शुरुआत ग्राम पंचायत प्रशासक श्री अर्जुन द्वारा की गई। इस मौके पर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता मनोज गर्ग,आशा सहयोगिनी उषा सोलंकी व एएनएम कन्या राठौड़ साथिन राजकी देवी सहित ग्रामीण व महिलाएं उपस्थित थे।

### स्वास्थ्य ही सबसे बड़ी संपत्ति; आंबेवाड़ी में भव्य नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर को मिला उत्साहपूर्ण प्रतिसाद : पूर्व नगरसेवक एकनाथ भोईर




**चमकता राजस्थान/अरविंद कोठारी/ठाणे।** शिवसेना शाखा, आंबेवाड़ी में शिवसेना परिवार ठाणे, ओम शांति हेल्थ कैंप और जय गुरुदेव आयुर्वेदा मार्ट के संयुक्त तत्वावधान में भव्य निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति में उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

इस अवसर पर पूर्व नगरसेवक एकनाथ भोईर ने स्वयं भी स्वास्थ्य जांच कराकर नागरिकों को नियमित स्वास्थ्य परीक्षण के महत्व के प्रति जागरूक किया। उन्होंने समाजहित में निस्वार्थ सेवा देने वाले सभी डॉक्टरों का हृदय से आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम में नगरसेविका एकता भोईर, नगरसेविका यज्ञा भोईर, स्थानीय शिवसेना पदाधिकारी, शिवसैनिक तथा बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। इस दौरान नागरिकों से अपील की गई कि वे शिवसेना शाखा, आंबेवाड़ी पहुंचकर स्वयं तथा अपने परिवार के सदस्यों की स्वास्थ्य जांच कराएं और इस निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठाएं।

पूर्व नगरसेवक एकनाथ भोईर ने कहा, ₹स्वस्थ समाज का निर्माण हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। ऐसे स्वास्थ्य संबंधी जनहितकारी कार्यक्रमों में नागरिकों को बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए और नियमित स्वास्थ्य जांच को अपनी जीवनशैली का हिस्सा बनाना चाहिए।

# पदमपुर में राष्ट्रीय वृक्ष खेजड़ी की बलि, शिकायत के बावजूद नहीं जागा प्रशासन

चमकता राजस्थान

**पदमपुर (जिला संवाददाता संजय बिश्नोई)।** पर्यावरण संरक्षण और पेड़ बचाने के बड़े-बड़े दावों के बीच पदमपुर के भगतसिंह चौक पर स्थित राष्ट्रीय वृक्ष खेजड़ी को काटे जाने का मामला सामने आया है। इस घटना ने वन विभाग और प्रशासन की कार्यप्रणाली पर कई सवाल खड़े कर दिए हैं।

जानकारी के अनुसार, वन्य जीव एवं पर्यावरण प्रेमियों ने 15 जून को पदमपुर उपखंड अधिकारी को एक परिवाद पत्र सौंपकर खेजड़ी के पेड़ को काटे जाने की आशंका जताई थी और तत्काल कार्रवाई की मांग की थी। आरोप है कि शिकायत के



बावजूद न तो उपखंड प्रशासन ने कोई गंभीरता दिखाई और न ही वन विभाग के अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर उचित कदम उठाना जरूरी समझा।

पर्यावरण प्रेमियों का कहना है कि यदि समय रहते प्रशासन और वन विभाग सक्रिय हो जाता तो राष्ट्रीय वृक्ष खेजड़ी को बचाया जा सकता था। लेकिन शिकायत के करीब दस दिनों के भीतर ही भगतसिंह चौक पर खड़ा वर्षों पुराना खेजड़ी का पेड़ काट दिया गया।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि जिले में वन माफिया लगातार हरे पेड़ों की कटाई कर रहे हैं, लेकिन वन विभाग द्वारा सख्त कार्रवाई नहीं किए जाने से उनके हौसले बुलंद हैं। यही कारण है कि राष्ट्रीय वृक्ष भी सुरक्षित नहीं रह पा रहे हैं। पर्यावरण प्रेमियों ने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने और संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी तय करने की मांग की है। लोगों का कहना है कि जब शिकायत के बावजूद राष्ट्रीय वृक्ष को नहीं बचाया जा सका, तो पर्यावरण संरक्षण के दावे केवल कागजों तक ही सीमित नजर आते हैं।

अब बड़ा सवाल यह है कि आखिर शिकायत मिलने के बावजूद प्रशासन और वन विभाग ने समय रहते कार्रवाई क्यों नहीं की? और राष्ट्रीय वृक्ष खेजड़ी की इस बलि का जिम्मेदार कौन है?

## मुख्यमंत्री धामी ने कराटे खिलाड़ी को किया सम्मानित

**चमकता राजस्थान/देहरादून।(दीपक शर्मा बामनवास)।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज 11 वर्षीय प्रतिभाशाली कराटे खिलाड़ी क्रियांश कौशिक को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया। क्रियांश आगामी अंतरराष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए चीन जा रहे हैं। इतनी कम उम्र में उनकी यह उपलब्धि पूरे उत्तराखण्ड के लिए गर्व का



विषय है। मुख्यमंत्री ने क्रियांश को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनकी मेहनत, अनुशासन और समर्पण अन्य बच्चों के लिए प्रेरणा है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि क्रियांश चीन में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर देश और प्रदेश का नाम रोशन करेंगे तथा खेल जगत में नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेंगे।

## सोमवार को यहां आयोजित होंगे ग्रामीण सेवा शिविर

**चमकता राजस्थान/मोहम्मद रफीक नागौर।** जन कल्याण शिविरों के तहत सोमवार, 29 जून को जिले की 13 ग्राम पंचायतों में ग्रामीण सेवा शिविर आयोजित किए जाएंगे। शिविर नागौर की चाऊ व श्यामसर, मूण्डवा की ईनाणा, जायल की छापड़ा एवं बुगरडा, खींवसर की करणू एवं पाबूसर, मेड़ता की कुरडाया एवं बीटन, डेगाना की जालसू खुर्द एवं जालसूनानक तथा रियांबड़ी की पादू खुर्द व सथाना कलां ग्राम पंचायतों में आयोजित होंगे।

शिविरों में विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहकर आमजन को योजनाओं की जानकारी देंगे तथा पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराएंगे। साथ ही ग्रामीणजन अपनी समस्याओं एवं परिवेदनाओं का मौके पर समाधान प्राप्त कर सकेंगे। जिला प्रशासन ने ग्रामीणों से अधिकाधिक संख्या में शिविरों में भाग लेने की अपील की है।

## अंडर-19 पुरुष क्रिकेट टीम चयन के लिए ट्रायल 30 जून को

● **महाराणा प्रताप पीजी कॉलेज मैदान पर सुबह 7 बजे से होगा आयोजन**

**चमकता राजस्थान/रामसिंह मीणा रघुनाथपुरा/बड़ीसादड़ी।** राजस्थान क्रिकेट संघ के तत्वावधान में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय अंडर-19 पुरुष क्रिकेट चैंपियनशिप 2026-27 के लिए चित्तौड़गढ़ जिला टीम के गठन हेतु एक दिवसीय जिला स्तरीय ट्रायल 30 जून को सुबह 7:00 बजे चित्तौड़गढ़ के महाराणा प्रताप पीजी कॉलेज के खेल मैदान पर आयोजित किया जाएगा। जिला क्रिकेट संघ के श्याम सिंह चौहान ने बताया कि ट्रायल में केवल चित्तौड़गढ़ जिले के मूल निवासी खिलाड़ी ही भाग ले सकेंगे। पात्रता के अनुसार खिलाड़ी का जन्म 1 सितंबर, 2007 या उसके बाद का होना आवश्यक है।

पंजीकरण के समय खिलाड़ियों को मूल कम्प्यूटरीकृत जन्म प्रमाण-पत्र, आधार कार्ड, माता-पिता के आधार कार्ड, मूल निवास प्रमाण-पत्र, एक पासपोर्ट आकार का फोटो तथा पिछले तीन वर्षों की अंकतालिकाएं साथ लानी होंगी। सभी खिलाड़ियों को सफेद खेल पोशाक में उपस्थित होना अनिवार्य रहेगा। जिला टीम चयन के लिए पूर्व राष्ट्रीय खिलाड़ी अजयपाल सिंह चुंडावत, पूर्व वरिष्ठ खिलाड़ी कुलदीप बारेसा एवं विकास डाड की तीन सदस्यीय चयन समिति गठित की गई है। ट्रायल के बाद चयनित खिलाड़ियों के अभ्यास मैच आयोजित किए जाएंगे। इन मैचों में प्रदर्शन के आधार पर अंतिम जिला टीम घोषित की जाएगी, जो आगामी राज्य स्तरीय अंडर-19 पुरुष क्रिकेट चैंपियनशिप 2026-27 में चित्तौड़गढ़ जिले का प्रतिनिधित्व करेगी।

## सोमवार को यहां आयोजित होंगे ग्रामीण सेवा शिविर

**चमकता राजस्थान/मोहम्मद रफीक/नागौर।** जन कल्याण शिविरों के तहत सोमवार, 29 जून को जिले की 13 ग्राम पंचायतों में ग्रामीण सेवा शिविर आयोजित किए जाएंगे। शिविर नागौर की चाऊ व श्यामसर, मूण्डवा की ईनाणा, जायल की छापड़ा एवं बुगरडा, खींवसर की करणू एवं पाबूसर, मेड़ता की कुरडाया एवं बीटन, डेगाना की जालसू खुर्द एवं जालसूनानक तथा रियांबड़ी की पादू खुर्द व सथाना कलां ग्राम पंचायतों में आयोजित होंगे। शिविरों में विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहकर आमजन को योजनाओं की जानकारी देंगे तथा पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराएंगे। साथ ही ग्रामीणजन अपनी समस्याओं एवं परिवेदनाओं का मौके पर समाधान प्राप्त कर सकेंगे। जिला प्रशासन ने ग्रामीणों से अधिकाधिक संख्या में शिविरों में भाग लेने की अपील की है।

## मांडल विधायक भडाणा के समर्थक ने लोटन यात्रा की

**चमकता राजस्थान/महेश कुमार बिड़ला मीडिया प्रभारी/मांडल भीलवाड़ा।** भाजपा युवा नेता कमलेश सिंह गुढ़ा ने बताया कि 2023 में हुए विधानसभा चुनाव में मांडल विधायक उदयलाल भडाणा की जीत पर करमडाश निवासी देव भक्त आदराम गुर्जर ने भगवान देवनारायण से प्रार्थना करते हुए विधायक उदय लाल भडाणा को जीत दिलाने पर बडामहुआ से 6 किलोमीटर दूर खायडा देव नारायण मंदिर तक लोटन यात्रा कर पूजा अर्चना करूंगा। आदराम गुर्जर ने बताया कि भगवान देवनारायण जी ने मेरी मनोकामना पूर्ण करते हुए मेरे भाई श्री उदय लाल जी भडाणा को जीत दिलाने पर सात दिन से चल रही



लोटन यात्रा आज शाम को देव नारायण मंदिर पर पहुंची मांडल विधायक उदयलाल भडाणा ने भी लोटन यात्रा में शामिल हुए यात्रा मंदिर पहुंचने पर, मुख्य पुजारी श्रवण गाडरी भोपा जी, नारायण गाडरी, किशन गाडरी,देवबक्षु बद्री गाडरी,देवसेना युवाजिलाध्यक्ष भैरूलाल खायड़ा,ने स्वागत सत्कार किया। इस मौके पर गुर्जर समाज के भामाशाह शैतान भड़ाना करमडास, गुर्जर समाज के जिलाध्यक्ष भंवर हरल भदालीखेड़ा निरंजन विजयवर्गी उदयलाल गाडरी बद्रीलाल भड़ाना जगदीश भडाणा सहित सैकड़ों देव भक्त यात्रा में शामिल हुए।

# श्रीनगर भारतीय किसान संघ की मासिक बैठक आयोजित समिति पर सभागार में जिला स्तरीय पदाअधिकारी पहुंचे

चमकता राजस्थान

**रघुनंदन पारीक श्रीनगर/अजमेर।** निर्देशानुसार तहसील श्रीनगर की मासिक बैठक संरक्षक रामकरण यादव तहसील अध्यक्ष सत्यनारायण जांगिड़ की अध्यक्षता में एक पंचायत समिति सभागार श्रीनगर में आयोजित की गई बैठक में मुख्य अतिथि भारतीय किसान संघ प्रदेशाध्यक्ष प्रवीण चौहान महामंत्री तुलसाराम के साथ जिला अध्यक्ष लक्ष्मण गुजर मंत्री हीरा सिंह संरक्षक रूप चन्द्र मारोठिया सम्भाग मंत्री सत्यनारायण यादव कोषाध्यक्ष बाबू सिंह रावत महेंद्र सिंह मंडोवरी नरपत सिंह रामचरण यादव ने भगवान बलराम व भारत माता को माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित किया मंत्री शंकर सिंह रावत ने संचालन करते हुए सभी अतिथियों को मंचासीन कराया प्रदेश अध्यक्ष व महामंत्री को तहसील अध्यक्ष व संरक्षक ने साफा बंधवाकर कर दुपट्टा से सम्मान किया किसान गीत के साथ बैठक का श्रीगणेश हुआ सर्व प्रथम हाल ही मे आयोजित प्रदेश स्तरीय किसान महिला प्रशिक्षण पुष्कर में श्रीनगर तहसील से आर्थिक सहयोग करने वालों में रामकरण यादव सत्यनारायण जांगिड़ गोपाल यादव रामपुरा रामचरण यादव मोहनलाल यादव मेवा सिंह फौजी शंकर सिंह काना खेड़ी नन्दा गुजर हरिओम यादव गोरधन माली मुरलीधर यादव मादूसिहकालेडी गोपाल जाट कानपुरा का दुपट्टा व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया नसीराबाद अध्यक्ष गोरधन गुजर पुष्कर अध्यक्ष शंकर सिंह रावत अंराई अध्यक्ष रामरतन जाट अजमेर अध्यक्ष मक्खन सिंह कार्यालय प्रमुख मोहन सिंह सूरज सिंह रामपाल बीर हाथीपटा सायर सिंह को दुपट्टा पहना कर स्वागत किया मंत्री शंकर सिंह ने पूर्व बैठक की समीक्षा करते हुए प्रस्तावो का पठन किया तहसील अध्यक्ष सत्यनारायण जांगिड़ ने निस्तारण के बारे में बताया रामकरण यादव ने एजेंडा के संदर्भ में हाइवे पर पुलिया निर्माण के बारे में बताया कि फारकियारोडकवर हो जायेगा व पुराना श्रीनगर से फारकियारोडकी स्वीकृति हो गई है श्रीनगर हाथी पट्टा रोड़ पर रपट का टेंडर होगया है जल्दी काम शुरू हो जायेगा कि किसानों की जमीन के खातों में केई गलतियां के बारे में बताया महामंत्री तुलसाराम ने अजमेर ए डी ए द्वारा किसानो की कृषि भूमि को अधिग्रहित किये जाने पर कहा कि किसान संघ संगठित होकर आन्दोलन कर सरकार से अपने हक के लिए लड़ना पड़ेगा इसलिए किसान संघ की सभी ग्राम समितियों तहसील संघ जिला संघ को किसान जाग्रति मिशन शुरू करना है आन्दोलन की पूर्ण तैयारी करनी है प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि भारतीय किसान संघ के बैनर तले आंदोलन किया जाएगा एक डी ए द्वारा किसानो की भूमि को अधिग्रहित से मुक्त कराना हमारा प्रथम लक्ष्य रहेगा उन्होंने कहा कि गांव ढाणी जाकर किसान संघ के माध्यम से जन जागरण अभियान चलाया जाएगा और किसानो के खातों में आ रही त्रुटियों को ठीक कराना होगा इसके लिए किसान संघ सरकार द्वारा आयोजित राजस्व शिविर में किसान संघ का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करायेगा ताकि किसानो की राजस्व सम्बंधी समस्या का निस्तारण हो सके संरक्षक रामकरण यादव ने श्रीनगर में बनने वाले मोर सागर के बारे में जलदाय मंत्री सुरेश सिंह रावत को धन्यवाद देते हुए कहा कि इस बांध की क्षमता बीसलपुर बांध से अधिक होगी अजमेर ब्यावर में जल की कभी नहीं आयेगी झाला सिंह ने बताया कि हाल ही में एक डी ए द्वारा ग्राम होकरा में तोड़फोड़ कर किसानो को परेशान किया गया जो हम सहन नहीं करेंगे हम आंदोलन करेंगे जिला अध्यक्ष ने कहा कि हमें किसान संघ ग्राम समितियों को मजबूत करना है प्रति माह मासिक बैठक सम्पन्न करानी है ग्राम समितियों को जागृत करना है इसी सन्दर्भ में तहसील अध्यक्ष ने चानसेनगाव में ओमप्रकाश माली को ग्राम समिति संघ अध्यक्ष बनाया गया दुपट्टा पहना कर स्वागत किया हीरा सिंह जिला मंत्री ने किसान संघ को संगठित करने को कहा अन्त में तहसील अध्यक्ष सत्यनारायण जांगिड़ ने बैठक में पधारे प्रदेश स्तरीय सम्भाग से जिला स्तर तहसील स्तर से ग्राम समितियों से आने वाले किसान संघ के कार्य कर्ताओ का आभार व्यक्त किया धन्यवाद देते हुए बैठक के समापन की घोषणा की बैठक में उपरोक्त के अलावा मोहनलाल मेघवंशी भागचंद रावत गौसेवा प्रमुख दीनदयाल शर्मा प्रधान सिंह रावत भोजराज कहार सीताराम रावत सुरेन्द्र यादव रामसिंह रावत रमेश माली रामप्रसाद जांगिड़ गणेश गुजर अमराव बंजारा लक्ष्मण सिंह रावत पेमा सिंह शिवजी राम गुजर गणेश यादव राम पुरा देवकरण गुजर आदि मौजूद रहे।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक अभय सिंह चौहान के लिए एम बी प्रिंटर्स, सी 74 सुदर्शन पूरा, जयपुर से मुद्रित एवं 1ए देवी नगर विस्तार, देवी नगर गली नं. 6 जयपुर 302019 से प्रकाशित। सम्पादक : अभय सिंह चौहान,
मोबाइल : 9314505000 (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार) कार्यकारी संपादक : खलील कुरैशी, मोबाइल : 7891542929